

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल
■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 327
ग्वालियर, बुधवार 17 अगस्त 2022
पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## मुंबई पुलिस ने गुजरात से जब्त किया 513 किलो ड्रग्स, ड्रग्स की कीमत 1,026 करोड़

**मुंबई।** मुंबई की एनसीबी जोनल यूनिट एक बार फिर से सक्रिय हो गई है. मुंबई पुलिस का एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड पिछले कुछ महीनों से नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रहा है। अब एंटी नार्कोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर में एक ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर वहां से 513 किलोग्राम एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन) बरामद किया है. जब्त की गई ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,026 करोड़ रुपये है. इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें से 5 लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और दो आरोपी एंटी नार्कोटिक्स सेल की हिरासत में हैं. एंटी नार्कोटिक्स सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 29 मार्च 2022 के दिन एंटी नार्कोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने शिवाजी नगर गोवंडी से जो ड्रग्स की खेप पकड़ी थी उसके बाद से ही पुलिस इसका सोर्स पता लगाने में जुटी हुई थी. मुंबई पुलिस को इस खेप को पकड़ने में पांच महीने तक मशक्कत करनी पड़ी है. 29 मार्च के बाद से ही मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल इस पर लगातार काम कर रही थी. पुलिस को लगता है कि ये एक बड़ा अंतरराज्यीय ड्रग्स गिरोह है, जो कई राज्यों में फैला हुआ है. पुलिस के मुताबिक ये गिरोह खासतौर पर युवाओं को निशाना बनाता है. ये ड्रग्स हाई प्रोफाइल सर्कल में सप्लाई की जाती है. बता दें कि, बीती 29 मार्च को मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने मुंबई के शिवाजी नगर इलाके से ड्रग तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया था. पुलिस ने इनके पास से करीब 4.5 करोड़ रुपये के एमडी (ड्रग्स) का स्टॉक भी जब्त किया था. तभी से पुलिस इस गिरोह की जांच में जुट गई थी।

### नालासोपारा से पकड़ी गई थी 1400 करोड़ की ड्रग्स

एंटी नार्कोटिक्स सेल ने इसके बाद बीते 3 अगस्त को मुंबई से सटे नालासोपारा इलाके से 1,403 करोड़ रुपये मूल्य का 701 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया था. इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था. इस रैकेट में शामिल महिला द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर एक अन्य संदिग्ध को 2 अगस्त को हिरासत में लिया गया था।

## फेल साबित हुए पीएम मोदी और राज्यपाल, घाटी में कश्मीरी पंडितों की हो रही हत्या : ओवैसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकवादियों ने मंगलवार को दो कश्मीरी पंडित भाइयों पर हमला किया, जिसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के वरिष्ठ धिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील कुमार के तौर पर हुई है। वहीं पिंटू कुमार हमले में घायल हो गए। पूरे मामले में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। ओवैसी ने कहा कि ये केंद्र सरकार की विपलता का एक और उदाहरण है। ओवैसी ने कहा कि कश्मीरी पंडित अब कश्मीर छोड़ना चाहते हैं। ओवैसी ने कहा कि बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर में एलजी को नियुक्त किया और केंद्र द्वारा संचालित सरकार वहां असफल साबित हुई है। धारा 370 को हटाने से कोई मदद नहीं मिली है। जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडित पर पहला हमला नहीं, वे (केंद्र) सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे हैं। यह मोदी सरकार की विफलता का एक और उदाहरण है।



## राजस्थान में भारी बारिश बनी आफत, बांसवाड़ा में 7.5 इंच पानी गिरा

### आधा दर्जन से अधिक जिलों में मूसलाधार का अलर्ट

**जयपुर।** मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ा नजर आ रहा है बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते राजस्थान में मानसून की झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कई इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को सुबह 8.30 बजे तक बीते 24 घंटों में बांसवाड़ा के भूंगडा में साढ़े सात इंच बारिश दर्ज की गई है। भूंगड़ा में 180 मिलीमीटर पानी गिरा है। राजस्थान में लगातार हो रही है बारिश से नदी नाले उफान पर है। इससे कई जगह रास्ते बाधित हो रहे हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिये कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार आज अजमेर, राजसमन्द, सिरोही, जालोर, जोधपुर, नागौर और पाली में कहीं कहीं भारी से भारी बारिश हो सकती है। जबकि जैसलमेर, चूरू, बीकानेर, बाड़मेर, उदयपुर, टोंक, सीकर, कोटा, झुंझुनूं, जयपुर, दौसा, बूंदी और भीलवाड़ा के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को सुबह साढे आठ बजे तक बीते 24 घंटों में कई इलाकों में भारी से भारी तो कुछ में भारी बारिश देखने को मिली है। सर्वाधिक बारिश बांसवाड़ा के भूंगडा में 180 एमएम दर्ज की गई है। इसके अलावा झालावाड़ के डग में 17 सेंटीमीटर, माउंट आबू में 12, पीपलखूंट में 10, असनावर में 10, पिड़ावा व जगपुरा में 9-9, मनोहरथाना में 8, कुशलगढ़, घाटोल और झालावाड़ में 7-7, बांसवाड़ा, छोटी सादड़ी, सलूंबर और दानपुर में 6-6 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा भी दो दर्जन अन्य इलाकों में अच्छी बारिश हुई है।

भारी बारिश के कारण झालावाड़ जिले में कालीसिंध, आहू, उजाड़, चंवली, कालीखाड और परवन नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। कालीसिंध बांध के 8 गेट खोलकर 93332 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। वहीं भीमसागर बांध के 3 गेट खोलकर 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। चंवली और गागरीन बांध पर भी चादर चल रही है। बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के कई मार्ग अवरुद्ध हो रखे हैं। वहां वैकल्पिक मार्गों से काम चलाया जा रहा है। कई मार्गों पर पानी का ज्यादा खतरा देखते हुये उन्हें अस्थाई तौर पर बंद कर दिया गया है।

## हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा चीनी जासूसी शिप, 750 किलोमीटर दूर तक की कर सकता हैं निगरानी


**नई दिल्ली।** श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर युआन वांग 5 शिप आखिरकार पहुंच गया है। भारत ने शिप को इस लेकर चिंता जाहिर की थी, जिसके बाद श्रीलंकाई सरकार ने जासूसी जहाज के आगमन को टालने को लेकर चीन को पत्र भी लिखा था। युआन वांग 5 चीन का ट्रैकिंग शिप है। युआन वांग चीन की तरफ से उपग्रह और बैलिस्टिक मिसाइल के ट्रैकिंग और सपोर्ट में इस्तेमाल होता है। युआन वांग कोई एक जहाज नहीं है। बल्कि ये जहाजों का समूह हैं, युआन वांग के अंतर्गत अलग-अलग जहाजों की पूरी सीरीज है। युआन वांग समूह के जहाजों में युआन वांग 1 से लेकर युआन वांग 7 अलग-अलग जहाज कई वर्षों में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी में शामिल हुए। युआन वांग 1 चीन की आर्मी में 1977 में शामिल हुआ। युआन वांग 21 और युआन वांग 22 भी है जो कि ट्रांसपोर्ट शिप है। हंबनटोटा बंदरगाह पर जो युआन वांग 5 पहुंचा है, वहां युआन वांग सीरीज की तीसरी जेनरेशन का ट्रैकिंग जहाज है और ये साल 2007 से चीन की आर्मी की सेवा में शामिल है। ये दोहरे उपयोग वाला जासूसी जहाज है।





## भोपाल में पानी का कोटा 50 इंच पार

### आधे मानसून में ही सामान्य से डबल बारिश; बड़ा तालाब लबालब, बांध खुले



**भोपाल।** भोपाल में दो दिन से बारिश हो रही है। 24 घंटे में भोपाल जिले में 5 इंच पानी गिरा। शहर में 5.5, बैरसिया में पौने 6 इंच, नवीबाग, बैरागढ़ और कोलार में 5-5 इंच पानी गिरा। सीजन में पहली बार है जब भोपाल के सभी इलाकों में 5 इंच या इससे ज्यादा पानी गिरा है। लगातार बारिश की वजह से भदभदा, कलियासोत और कोलार डैम के गेट खोलने पड़ गए। बड़ा तालाब भी लबालब है। सीजन में यह पहली बार है, जब कोलार के सभी 8 गेट खोलने पड़े। भदभदा के 11 और कलियासोत डैम के सभी 13 गेट 24 घंटे से खुले हुए हैं। भोपाल में 1 जून से अब तक 50 इंच पानी गिर चुका है। सामान्यतौर पर 25 इंच बारिश होती है। शहर में एमपी नगर से लेकर लिंक रोड नंबर-2, नेहरू नगर, भदभदा, सूरज नगर तिराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, केरवा रोड, कलियासोत डैम, कोलार रोड, जेके रोड, शाहपुरा, हबीबगंज, सेकंड स्टॉप, पंजाबी बाग, रायसेन रोड, जहांगीराबाद, रोशनपुरा, रंगमहल चौराहा और लिंक रोड नंबर-1 पर पानी भर गया। कई कॉलोनियों में पानी भर गया।

**कोलार डैम के सभी 8 गेट खुले:** सीहोर जिले में लगातार अच्छी बारिश होने के कारण अब कोलार डैम छलकने लगा है। सोमवार दोपहर 12 बजे 8 में से 2 गेट खोल दिए गए थे, लेकिन लगातार बढ़ रहे पानी को देखते हुए मंगलवार सुबह सभी 8 गेट खोलना पड़े। कोलार डैम से राजधानी के करीब 50त्न हिस्से में वॉटर सप्लाई की जाती है। भोपाल में हर दिन करीब 15 करोड़ लीटर पानी सप्लाई होता है। इसका फुल टैंक लेवल 1516.40 फीट है।

## मुझे अमीरों से दिक्कत नहीं, मैं हर गरीब को अमीर बनाना चाहता हूं : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फ्रीबी को लेकर आमने-सामने नजर आ रही हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मैं केंद्र सरकार को प्रस्ताव देना चाहता हूं कि आप राजनीति एक तरफ रखें और हमारी सेवाओं का इस्तेमाल कीजिए। हम, आप और देश के 130 करोड़ लोग मिलकर देश के स्कूलों को ठीक करने वाले हैं। इस फ्रीबी नहीं कहना चाहिए, अच्छी शिक्षा देना फ्रीबी नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही सपना है, भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश देखना चाहता हूं। हम चाहते हैं भारत एक अमीर देश बने। भारत अमीर कैसे बनेगा ? भारत अमीर तब बनेगा, जब हर भारतवासी अमीर बनेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि देश अमीर है पर जनता गरीब। फिर तब अमीर देश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत को अमीर देश बनाने के लिए हर देशवासी को अमीर बनाना पड़ेगा। मैं भारत के हर गरीब को अमीर बनाना चाहता हूं। केजरीवाल ने कहा कि मुझे अमीरों से कोई दिक्कत नहीं, मैं हर गरीब को अमीर बनाना चाहता हूं। गरीब आदमी अमीर कैसे बने ? मजदूर, किसान का बच्चा सरकारी स्कूल में जाता है। अगर सरकारी स्कूल की शिक्षा शानदार हो तब बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापार कर अपने परिवार की गरीबी दूर कर देगा। उन्होंने कहा कि देश में 17 करोड़ बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, इनमें से चंद स्कूल छोड़ दिया जाए, तब ज्यादातर स्कूलों के बुरे हाल हैं। इन 17 करोड़ बच्चों का भविष्य अंधकार में है। इनके मां-बाप के पास पैसे नहीं हैं, इसके बाद वहां अपने बच्चों के सरकारी स्कूल भेजते हैं।

### गुजरात दौरे पर केजरीवाल का बड़ा ऐलान, हर बच्चे को मुफ्त और अच्छी शिक्षा की गारंटी दी जाएगी

भुज। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार गुजरात के दौरे पर जा रहे हैं। केजरीवाल लगातार नए-नए वादे और दावे भी कर रहे हैं। इस बीच गुजरात में मंगलवार को फिर से केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया। केजरीवाल ने गुजरात की जनता को फ्री में शिक्षा गारंटी दी है। केजरीवाल ने साफ तौर पर कहा है कि गुजरात में पैदा होने वाले हर बच्चे को मुफ्त और अच्छी शिक्षा की गारंटी हम देते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है, तब हम सरकारी स्कूलों को शानदार बनाएंगे और बड़े स्तर पर नए सरकारी स्कूल भी खोलने वाले हैं। उन्होंने कह दिया कि प्राइवेट स्कूलों को ऑडिट कराया जाएगा जो स्कूल ज्यादा फीस लेगा, उससे वापस कराया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि स्कूलों को नाजायज फीस बढ़ाने की भी इजाजत नहीं होगी।

## अब दूध के दामों पर भी उबाल, अमूल और मदर डेयरी ने 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी

### दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की जनता होगी प्रभावित




**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई के ताप से अब दूध के दाम भी उबल पर हैं। दूध बेचने वाली दो प्रमुख कंपनियों ने दाम बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। इनमें अमूल और मदर डेयरी शामिल हैं। कल से आपको इनके दूध के लिए ज्यादा दाम देने होंगे। अमूल ब्रांड से दूध की बिक्री करने वाले गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इतने ही दाम मदर डेयरी ने बढ़ाए हैं। दोनों की नई कीमतें 17 अगस्त से प्रभावी होंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण हुई है। पहले बात कर लेते हैं अमूल की। इसकी मार्केटिंग गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन करती है। अमूल ने कहा है कि कीमतों में यह बढ़ोतरी गुजरात के अहमदाबाद और सौराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल, मुंबई और अन्य मार्केट में लागू होगी। फेडरेशन ने दाम बढ़ाने की वजह इनपुट कॉस्ट का बढ़ना बताया है। उसने कहा है कि जहां अमूल अपने फ्रेश मिल्क की मार्केटिंग करती है वहां के बाजारों में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। 17 अगस्त 2022 से नई कीमतें लागू होंगी। इस बढ़ोतरी के बाद गुजरात के अहमदाबाद और सौराष्ट्र के बाजारों में अमूल गोल्ड के आधा लीटर वाले पैकेट के दाम 31 रुपये, अमूल ताजा के 25 रुपये और अमूल शक्ति के 28 रुपये हो जाएंगे। मदर डेयर ने भी इनपुट कॉस्ट का हवाला देकर कीमतें बढ़ाने की बात कही है। कंपनी ने बताया कि वह तमाम तरह की लागतों में बढ़ोतरी का अनुभव कर रही थी। यह लागत पछिले 5 महीनों के दौरान कई गुना बढ़ गई थी। उदाहरण के लिए इस अवधि में अकेले कच्चे दूध की कृषि कीमतों में लगभग 10-11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह देश में पहले देखी गई हीटवेव और विस्तारित गर्मी के मौसम के कारण उसी समय फीड और चारे की लागत में भी बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

## हापुड़ कचहरी गेट पर ताबड़तोड़ फायरिंग, कैदी की हत्या; हरियाणा पुलिस का सिपाही घायल



**हापुड।** हापुड़ कचहरी परिसर के सामने दिन-दहाड़े बाइक सवार पांच हमलावरों ने पेशी पर न्यायालय जा रहे हिस्ट्रीशीटर की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। इस दौरान हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल भी पेट में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फरार होते वक्त हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हमलावरों की तलाश में थाना पुलिस के साथ एसओजी की टीम को लगाया गया है। वर्ष 2019 में गांव नंगला उदयरामपुर निवासी विजय सिंह ने अपनी पुत्री आरती और ज्योति की शादी हरियाणा के फरीदाबाद क्षेत्र के गांव अनंगपुर निवासी देवेंद्र के पुत्र सचिन और सागर के साथ तय हुई की थी। 24 नवंबर 2019 को दोनों पक्षों के लोग बड़ी धूमधाम से शादी समारोह की रस्मों को पूरा कर रहे थे। शाम के समय दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में दुल्हनों की विदाई की रस्म अदा की जा रही थी।तभी बाइक पर सवार होकर आए तीन हथियारबंद बदमाशों ने दूल्हे के सगे चाचा सुधीर (40) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। फायरिंग के दौरान गांव प्रधान नंगला उदयरामपुर निवासी सुशील, विजयपाल, कार्तिक और रामवीर गोली लगने से घायल हो गए थे। हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए बदमाशों को जेल भेजा था। मुकदमे में अनंगपुर निवासी लाखन (36) का नाम भी प्रकाश में आया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। लाखन के खिलाफ हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई भी की गई थी। मंगलवार को हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक विजय, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, कांस्टेबल नरेंद्र, दीपक, संदीप और चालक राजू सरकारी गाड़ी से लाखन को पेशी पर हापुड़ ला रहे थे।लाखन की पेशी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय) में होनी थी।



## खास खबर

### दहेज केस में फंसाने की धमकी देती थी पत्नी, सुसाइड से पहले पति ने बनाया वीडियो

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक युवक ने पत्नी से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। कमरे में फांसी लगाने से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर ससुराल पक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने मृतक की पत्नी और ससुराल के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला बल्लभगढ़ की बाल्मीकि बस्ती का है। मृतक के परिजनों के अनुसार सोमवार को सभी लोग 15 अगस्?त मनाने में व्यस्त थे। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा संगीत सुबह 9 बजे तक जब अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके रूम में गए। वहां पर वह फंदे पर लटका मिला। पास में उसका मोबाइल पड़ा हुआ था, जिसमें उसने वीडियो बना हुआ था। इसके बाद मृतक के परिजन अग्रसेन चौकी पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। मृतक संगीत की शादी 22 नवंबर 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही संगीत की पत्नी उसे प्रताड़ित करने लगी। पत्नी, साला और सास-ससुर दबाव डालकर उससे अलग होने को कह रहे थे। इससे तंग आकर संगीत ने खुदकुशी कर ली। खुदकुशी से पहने बनाए अपने वीडियो में संगीत ने अपने ससुराल वालों पर क्रिमिनल बैकग्राउंड का बताया। मृतक के परिजनों ने बताया कि पत्नी उनके बेटे को दहेज के केस में फंसाने की धमकी देती थी। मृतक संगीत के सुसाइड से पहले बनाए गए एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत उसके घरवालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वीडियो की जांच की जा रही है।

### गुजरात एटीएस को बड़ी सफलता, एसओजी के साथ मिलकर करोड़ों का एमडी ड्रग्स पकड़ा

**वडोदरा।** गुजरात एटीएस को बड़ी सफलता मिली है7 गुजरात एटीएस ने वडोदरा एटीएस के साथ सावली के मोक्सी गांव में संयुक्त रूप से ऑपरेशन कर करोड़ों रुपए क एमडी ड्रग्स बरामद किया है7 वडोदर जिले की सावली तहसील के मोक्सी गांव में नेक्टर केम कंपनी में प्रतिबंधित ड्रग्स बनाया जाता होने की सूचना के आधार पर गुजरात एटीएस ने यह कार्यवाही की7 गुजरात एटीएस और वडोदरा एसओजी की संयुक्त कार्यवाही में मोक्सी के कंपनी से 200 किलो एमडी ड्रग्स की बरामदगी हुई है7 जिसकी बाजार कीमत करीब एक हजार करोड़ से भी अधिक बताई जा रही है7 कंपनी का मालिक पियूष पटेल होने का प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है।

### आईटीबीपी बस हादसाः जांच के बाद ही पता चलेगा की दुर्घटना किस कारण से हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम इलाके में बस के गहरी खाई में गिरने के बाद भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के छह जवान और एक पुलिसकर्मी शहीद हो गए। जबकि अन्य 32 घायल हो गए। इस संबंध में आईटीबीपी के डीजी डॉ सुजॉय लाल थाउसेन का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही पता चलेगा की दुर्घटना किस कारण से हुई। थाउसेन ने बताया कि दुर्घटना में हमारे 7 जवानों की मौत हो गई। 8 जवान गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें एयर लिफ्ट करके श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती किया गया है। बाकी जवानों का अनंतनाग के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही पता चलेगा की दुर्घटना किस कारण से हुई है। अनंतनाग के डीआईजी रनबीर सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल जवानों को श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में ले जाया गया और बाकी जवानों की हालत स्थिर है और उनका इलाज अनंतनाग अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी के 37 जवानों और दो पुलिसकर्मियों को ले जा रही बस चंदनवाड़ी और पहलगाम के बीच गहरी खाई में गिर गई। आईटीबीपी के दो कर्मियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। बता दें कि आईटीबीपी के 37 और जम्मू-कश्मीर पुलिस के तीन कर्मी अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी से लौट रहे थे, जो 11 अगस्त को समाप्त हो चुकी है।

### बलात्कारियों को रिहा करने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुजरात सरकार द्वारा बलात्कार और गैंगरेप के आरोपियों की सजा माफ कर उन्हें रिहा करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पवन खेड़ा ने कहा जेल से रिहा हुए बलात्कार के सजायाफ्ता लोगों की आरती उतारकर स्वागत करने से भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। पवन खेड़ा ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस वालों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिलाया था। बलात्कारियों की सजा की पुष्टि की थी। आरोपियों को सजा मिली थी, वह जेलों में बंद थे। बलात्कार ओर गैंगरेप के आरोपियों को गुजरात सरकार ने रिहा करके यह साबित कर दिया है, कि वह कहते कुछ हैं, करते कुछ ओर हैं। पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए भाषण को भी निशाने पर लिया।

## न-टू-वन

### यूएई लीग बन रही बीबीएल के लिए खतरा

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अंतरराष्ट्रीय लीग खतरा बनती जा रही है। इसका कारण यह है कि यूएई लीग ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग (बीबीएल) की जगह उनकी लीग में खेलने के लिए 70,0000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश तक की है। इन दोनो ही लीग का आयोजन एक ही समय में हो रहा है। बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी जबकि यूएई की टी20 लीग का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है। इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना संभव नहीं है। ऐसे में सीए को डर है कि अधिक रकम के लालच में उसके प्रमुख खिलाड़ी बिग बैश लीग से हट सकते हैं। सीए के केंद्रीय अनुबंध के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। डेविड वॉर्नर 2014 में इस लीग में नहीं खेले थे। बीबीएल ने अबतक सबसे अधिक राशि डार्सी शॉर्ट को 258,000 अमेरिकी डॉलर (370,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर दिये थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को जो राशि मिलती है , उससे ये काफी कम है। उसकी तुलना में यह रकम काफी कम है। आईपीएल लीग के मालिकों ने ही यूएई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में भी निवेश किया है और ऐसे में सीए को बीबीएल के लिए खिलाड़ियों को जोड़े रखने के लिए अधिक राशि का भुगतान करना होगा।

### टेस्ट की लोकप्रियता बनाये रखना क्रिकेट अधिकारियों की जिम्मेदारी : मैकग्रा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट उनके लिए सबसे ऊपर है। मैकग्रा ने कहा कि टेस्ट की तरह ही एकदिवसीय क्रिकेट की लोकप्रियता भी कम हो रही है जिससे बनाये रखना क्रिकेट अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मैकग्रा के अनुसार क्रिकेटर की असली परीक्षा टेस्ट क्रिकेट में ही होती है। मैकग्रा ने कहा, %मैं परंपरा में विश्वास रखने वाला व्यक्ति हूं और मुझे टेस्ट क्रिकेट और एकदिवसीय क्रिकेट से प्यार रहा है। टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए सबसे अहम है। मैं उम्मीद करता हूं हम इसका सम्मान करेंगे। जहां तक एकदिवसीय क्रिकेट का सवाल है, यह तब तक रोमांचक रहता है जब तक लोग रन बनाते हैं। एकदिवसीय का भविष्य कैसा होगा यह समय आने पर पता चलेगा। इसे रोमांचक रखना एक हमारे लिए चुनौतीपूर्ण बात है।% मैकग्रा का मानना है कि अगर किसी एक प्रारूप में खेलना हो तो आजकल के युवा क्रिकेटर एकदिवसीय क्रिकेट की जगह टी20 क्रिकेट ही खेलना चाहेंगे। उन्होंने कहा, %अगर आप देखें तो कुछ समय से कई देश एकदिवसीय और टी20 में अलग टीमें रखने लगी हैं। टी20 क्रिकेट में पैसा भी अधिक है। इसलिए भविष्य में अधिकतर युवा खिलाड़ी टी20 क्रिकेट ही खेलना पसंद करेंगे।

### थोक महंगाई दर पांच महिने के निचले स्तर पर

**मुंबई।** खाद्य महंगाई में आई कमी की वजह से खुदरा महंगाई दर में गिरावट के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) में भी कमी देखी गई है। महंगाई दर गिरावट के साथ 14 प्रतिशत के स्तर से नीचे आ गई। एक महीने पहले थोक महंगाई दर 15 प्रतिशत के पार थी। जुलाई महीने में होलसेल महंगाई दर घटकर 13.93 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले जून में ये 15.18 फीसदी पर थी जबकि मई, 2022 में थोक महंगाई दर 15.88 फीसदी के स्तर पर थी। पांच महीने के सबसे निचले स्तर पर थोक महंगाई दर आ गई है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम घटे थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय है। ये ज्यादातर उत्पादक क्षेत्र को प्रभावित करती है। यदि थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक उच्च रहता है, तो प्रड्यूसर इसे कंज्यूमर्स को पास कर देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कर सकती है, क्योंकि उसे भी वेतन देना होता है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

### एसबीआई के बाद इंडसइंड बैंक ने भी बढ़ाई ब्याज दरें

**मुंबई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद एक्सिस बैंक, केनरा बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी ब्जाद दरें बढ़ा दी हैं। अब इसमें इंडसइंड बैंक का नाम भी जुड़ गया है क्योंकि बैंक ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर 6.75 प्रतिशत कर दिया है। इसका सीधा फायदा ग्राहकों को होगा। इंडसइंड बैंक से पहले भी एसबीआई और एक्सिस सहित कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपोजिट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की थी। इस समय डिपॉजिट स्कीम और एफडी में 5 साल के लिए निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सी के तहत छूट का फायदा लिया जा सकता है। इतना ही नहीं 1.5 लाख रुपए तक के निवेश पर भी इनकम टैक्स की छूट का फायदा मिल सकता है। एफडी पर मिलने वाली ब्याज की दर सेविंग्स अकाउंट और करंट अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज से ज्यादा होती है। कुछ साल पहले तक तो यह ब्याज दर करीब 15 प्रतिशत तक थी लेकिन इस समय यह 7 से 9 प्रतिशत के बीच है। यह अलग-अलग बैंकों में अलग-अलग होता है। यदि आप बचत खाते का एफडी करवाते हैं तो 4 से 5 वर्ष में रकम दोगुनी हो सकती है। यह समय भी बैंकों पर निर्भर करता है।

# अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं धवन




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का कहना है कि वह अगले साल 2023 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। धवन ने कहा कि उनका ध्यान अधिक से अधिक मैच खेलते हुए अपने को फिट रखना है। धवन की कप्तानी में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज दौरे पर एकदिवसीय सीरीज जीती थी। धवन अब जिम्बाब्वे दौर पर बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह बनाये रखना चाहेंगे।

धवन ने कहा, मुझे आईसीसी मुकाबलों में खेलना पसंद है। इनसे हमेशा ही एक अलग एहसास और संतुष्टि होती है। मैंने पूर्व में कुछ बहुत अच्छे टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने कहा, हर बार जब मैं भारतीय जर्सी पहनता हूं तो बेहतर प्रदर्शन को लेकर दबाव बना रहता है पर एक अनुभवी खिलाड़ी के तौर पर मुझे पता है कि दबाव को कैसे संभालना है। इससे मुझे बेहतर प्रदर्शन का जज्बा मिलता है। यह मेरे खेल में प्रेरणा जोड़ता है और मुझे किसी प्रकार का डर नहीं लगता। मेरा ध्यान और तैयारी हर टूर्नामेंट के लिए बराबर रहती है। धवन को शुरुआत में जिम्बाब्वे दौरे के लिए कप्तान बनाया गया था पर लोकेश राहुल की वापसी के बाद उन्हें उपकप्तान बनाया गया है। इससे धवन निराश नहीं हैं। धवन का कहना है कि उनका अधिक से अधिक मैच खेलना है। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, मेरा ध्यान अगले साल होने वाले 50 ओवर के विश्व कप पर है और इसमें मैं ज्यादा से ज्यादा मैच खेलकर अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं और उनमें अच्छा करना चाहता हूं। इसके बीच में आईपीएल भी है, इसलिए मैं वहां अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए घरेलू एकदिवसीय और टी20 मैच खेलते हुए अपनी फिटनेस बनाये रखूंगा।

## एशिया कप : दो घंटे के अंदर ही बिके भारत-पाक मैच के टिकट

**नई दिल्ली।** भारत ओर पाकिस्तान के बीच एशिया कप में 28 अगस्त हो संयुक्त अरब अमीरात यूएई में होने वाले मैच को लेकर गजब का उत्साह है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि केवल दो घंटे के अंदर ही इसके टिकट बिक गये। इस अहम मुकाबले के लिए टिकटों की बिक्री 15 अगस्त को शुरु हुई थी। कुछ प्रशंसकों को टिकटें मिल पायी हैं जबकि कुछ इसे हासिल नहीं कर पाये। वहीं एशिया कप और भारत-पाक मैच के टिकट बेचने वाली कंपनी प्लेटिनम लिस्ट ने एक बयान जारी कर कहा, 'एक ही टिन में हुई बिक्री से लगता है कि टिकटों की मांग काफी ज्यादा है। कुछ घंटों के अंदर ही भारत-पाक मैच के सभी टिकट बिक गए। अब आने वाले दिनों में टिकटों का अगला बैच जारी किया जाएगा। भारत-पाक मैच के अलावा एशिया कप के बाकी मुकाबलों के टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गयी है पर भारत-पाक मुकाबले के लिए ही टिकटों की सबसे ज्यादा मांग है।'

### लोगों का ध्यान बाघ से ज्यादा द्रविड़ पर था : टेलर

**मुम्बई।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर आईपीएल के कारण भारतीय खिलाड़ियों के काफी करीब हैं। साल 2011 में टेलर ने आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था। अब अपनी आत्मकथा ब्लैक एंड व्हाइट' में टेलर ने द्रविड़ और भारत में उन्हें चाहने वालों को लेकर एक किस्सा सुनाया है। टेलर ने कहा, जब वे द्रविड़ के साथ बाघों को देखने के लिए रणथंभौर नेशनल पार्क गए थे। तब वहां बड़ी संख्या में आम लोग भी थे। इन लोगों का ध्यान बाघों से ज्यादा द्रविड़ को देखने पर लगा था। टेलर ने अपनी किताब में लिखा है, 'मैंने द्रविड़ से पूछा आपने कितनी बार बाघ देखा है? इस पर उन्होंने कहा, 'मैंने कभी बाघ नहीं देखा जबकि मैं 21 बार टाइगर सफारी पर आ चुका हूं। तब मैंने सोचा, में यहां बेकार ही आ गया।तभी हमारे ड्राइवर को एक सहयोगी से रेडियो कॉल आया कि उन्हें एक प्रसिद्ध, टैग किये हुए बाघ टी-17 की लोकेशन मिली है। द्रविड़ इसे सुनकर उत्साहित थे, 21 सफारी बिना टाइगर को देखने के बाद 22वीं बार में बाघ को देखने का मौका मिलने वाला था।

# विराट एशिया कप से फार्म हासिल करेंगे : गांगुली



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली को उम्मीद है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली एशिया कप से अपना पुराना फार्म हासिल कर लेंगे। गांगुली ने कोहली को लेकर कहा, 'उन्हें अभ्यास करने और मैच खेलने दें क्योंकि वह बड़े खिलाड़ी हैं और पूर्व में उन्होंने काफी रन बनाए हुए हैं। मुझे उम्मीद है कि वो जल्द ही फार्म में वापसी करेंगे।'

विराट लंबे समय से बड़ा सकोर नहीं बना पाये हैं , इस कारण वह पूर्व खिलाड़ियों के निशान पर भी आये हैं। इंग्लैंड दौरे पर भी कोहली रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में अब 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में उनपर बेहतर प्रदर्शन के लिए दबाव रहेगा। कोहली के साथ ही भारतीय टीम के लिए यह टूर्नामेंट बेहद अहम है क्योंकि इससे उसे आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की समीक्षा का समय मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो विराट नवंबर 2019 के बाद से ही शतक नहीं लगा पाये हैं। उन्होंने अपना 70 वां शतक कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। इसके बाद से वह किसी भी प्रारुप में शतक नहीं लगा पाये हैं।

### द हंड्रेड में मोईन और लिविंगस्टोन की आक्रामक बल्लेबाजी से जीती फोनेक्स

**लंदन।** मोईन अली और लियाम लिविंगस्टोन की आक्रामक बल्लेबाजी से द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट में बर्मिंघम फोनेक्स ने ट्रेंट राकेट्स को सात विकेट से हरा दिया। यह फोनेक्स टीम की लगातार तीसरी जीत है। इस मैच में ट्रेंट राकेट्स ने पहले खेलते हुए 100 गेंद पर 6 विकेट पर 145 रन बनाए। इसके बाद यह लक्ष्य फोनेक्स ने 14 गेंद पहले ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। माइन और लिविंगस्टोन दोनों ने ही अर्धशतक लगाये। इन दोनों ने ही अपनी तूफानी पारी में 9 छक्के और चार चौके लगाये। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए फोनेक्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 25 रन पर ही अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिये। विल स्मिड एक और माइल्स हेमंड 20 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद मोईन और लिविंगस्टोन ने तेजी से 85 रन बनाकर टीम को वापसी करायी। मोईन ने 28 गेंद पर 3 चौके और 5 छक्के लगाकर 52 रन बनाये जबकि लिविंगस्टोन 32 गेंद पर 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारतीय फुटबॉल महासंघ को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। केन्द्र सरकार ने विश्व फुटबॉल संचालन संस्था (फीफा) के एआईएफएफ को निलंबित किये जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट से शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को इस मामले की पूरी जानकारी देते हुए बुधवार को ही सुनवाई की मांग की थी। जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार कर लिया।

इससे पहले फीफा ने एआईएफएफ के कामकाज में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेत को देखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। फीफा के इस फैसले से भारत में अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्वकप की मेजबानी तक खतरे में पड़ गयी है। इसी को देखते हुए केन्द्र सरकार इस मामले को शीघ्र हल करना चाहती है। एआईएफएफ को अपने 85 साल के इतिहास में पहली बार फीफा निलंबन झेलना पड़ रहा है। निलंबन के कारण भारतीय फुटबॉल टीम किसी भी अंतरराष्ट्रीय मैच में भी शामिल नहीं हो सकती इसलिए इसका हटना जरुरी है। फीफा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि फीफा काउंसिल ने आम राय से एआईएफएफ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है क्योंकि उसके कामकाज में तीसरी पार्टी का हस्तक्षेप हो रहा था। यह फीफा के संविधान का उल्लंघन है और इसीलिए एआईएफएफ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा रहा है।

एआईएफएफ पर लगा यह प्रतिबंध अब तभी हट सकता है जब एईआईएफएफ कार्यकारी कमेटी को पूरी तरह से हटा कर उसकी जगह सीओए कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स को नियुक्त किया जाये जिससे एआईएफएफ को कामकाज की पूरी आजादी मिल सके।

## कच्चा तेल 88.46 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान बड़ी गिरावट देखी गई है। चीन में आर्थिक गतिविधियां सुस्त होने से वहां कच्चे तेल की प्रोसेसिंग मार्च, 2020 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसका सीधा असर वैश्विब बाजार में क्रूड की कीमतों पर दिखा। इस बीच सरकारी




तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। मुंबई में आज पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब चार डॉलर घटकर 93.96 डॉलर प्रति बैरल, जबकि डब्ल्यूटीआई तीन डॉलर से ज्यादा गिरकर 88.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# एसबीआई ने रेपो रेट से जुड़े कर्जों की ब्याज दरें 0.50 फीसदी बढ़ाई

### ब्याज दरों का सीधा असर ग्राहकों की ईएमआई पर होगा, 15 अगस्त से लागू




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो रेट में बढ़ोतरी करने के बाद अब देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने बाहरी बेंचमार्क और रेपो रेट से जुड़े कर्जों की ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। बैंक की वेबसाइट के मुताबिक होम और ऑटो लोन सहित बाहरी बेंचमार्क (ईबीएलआर) और रेपो रेट (आरएलएलआर) से जुड़े सभी तरह के कर्ज की ब्याज दरें 15 अगस्त से बढ़ गई हैं। इसका सीधा असर ग्राहकों की ईएमआई पर होगा। इससे पहले महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक ने भी महंगाई पर काबू पाने के लिए रेपो रेट में 0.50 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। एसबीआई ने 15 अगस्त से ही अपने एमसीएलआर में भी 0.20 फीसदी की वृद्धि की है। एमसीएलआर में बढ़ोतरी के बाद एक साल की ब्याज दर 7.70 फीसदी हो गई है, जो पहले 7.50 फीसदी थी। इसी तरह, दो साल का एमसीएलआर 7.9 फीसदी और तीन साल का 8 फीसदी हो गया है। अभी बैंक के ज्यादातर लोन एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े हुए हैं। आरबीआई के निर्देशों के बाद एसबीआई सहित ज्यादातर बैंकों ने अक्टूबर, 2019 से अपने कर्ज की ब्याज दरों को बाहरी बेंचमार्क या रेपो की ब्याज दरों से जोड़ रहे हैं। यही कारण है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का सीधा असर कर्ज की ब्याज दरों पर पड़ता है। एसबीआई के 50 आधार अंक की बढ़ोतरी करने के बाद बाहरी बेंचमार्क से जुड़े कर्ज की ब्याज दर बढ़कर 8.05 फीसदी पहुंच गई है, जबकि रेपो रेट आरएलएलआर से जुड़े कर्ज की ब्याज दर 7.65 फीसदी हो गई है। बैंक इसके ऊपर से क्रेडिट रिस्क प्रीमियम भी लेता है। एसबीआई सहित तमाम बैंक ग्राहकों के सिबिल स्कोर के मुताबिक कर्ज की ब्याज दरों में सीआरपी भी जोड़ते हैं। अगर किसी का सिबिल स्कोर 800 से ऊपर है तो उसमें कोई सीआरपी नहीं जुड़ेगा, लेकिन इससे कम सिबिल स्कोर होने पर 10 आधार अंक से लेकर 60 आधार अंक तक सीआरपी जोड़ा जा सकता है। ऐसे में आपका प्रभावी ब्याज दर 8.65 फीसदी तक जा सकता है।

# तेजी के साथ शेयर बाजार की शुरुआत, सेंसेक्स 59,800 और निफ्टी 17,800 पर




**मुंबई।** एचडीएफसी के दोनों शेयरों में तेजी, विदेशी कोषों की आवक और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते प्रमुख शेयर सूचकांकों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में तेजी देखी गई। इस दौरान सेंसेक्स 395 अंक से अधिक चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 395.29 अंक बढ़कर 59,858.07 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 105.2 अंक चढ़कर 17,803.35 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर भारती एयरटेल और टाटा स्टील में गिरावट देखी गई। अन्य स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश में सोमवार को शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक शुक्रवार को 130.18 अंक की तेजी के साथ 59,462.78 पर बंद हुआ था। इस दौरान निफ्टी 39.15 अंक बढ़कर 17,698.15 पर बंद हुआ। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.31 फीसदी की गिरावट के साथ 94.25 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। निवेशकों ने शुरुआत से ही एमएंडएम, हीरो मोटोकार्प, एशियन पेंट, आयशर मोटर्स और ब्रिटेनिया जैसे शेयर पर दांव लगाया और ये स्टॉक्स टॉप गेनर की सूची में आ गए। वहीं दूसरी ओर ग्रेसिम इंडस्ट्रीज, हिंडाल्को, अपोलो हास्पिटल, टाटा स्टील और ओएनजीसी जैसे शेयरों में शुरुआत से ही बिकवाली चल रही है, जिससे ये स्टॉक्स टॉप लूजर की श्रेणी में पहुंच गए। वहीं निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप पर भी बढ़त दिख रही और दोनों ही 0.6 फीसदी की ऊंचाई पर कारोबार कर रहे हैं। अगर सेक्टरवार देखें तो निफ्टी ऑटो, निफ्टी बैंक और आईटी सेक्टर ने बाजी मारी है।

## महिंद्रा और फॉक्सवैगन ने किया समझौता

**लंदन।** महिंद्रा समूह और प्रमुख वैश्विक ऑटो कंपनी, फॉक्सवैगन ने मुंबई स्थित ऑटोमेकर के नए इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म इंगलो के लिए एमईबी (मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक ड्राइव मैट्रिक्स) इलेक्ट्रिक कल पुर्जो की आपूर्ति पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो इस साल की शुरुआत में हुए साझेदारी समझौते को और गहरा करता है। साझेदारी



का मकसद, जीवनकाल में 10 लाख से अधिक इकाइयों की मात्रा तैयार करने का है और इसमें एमईबी कल पुर्जो के साथ पांच ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी के उपकरण शामिल हैं। कंपनियों ने कहा ?कि इसके अलावा, दोनों कंपनियां भारतीय ऑटोमोटिव बाजार के विद्युतीकरण में तेजी लाने के लिए एक व्यापक रणनीतिक गठबंधन का रास्ता खोलते हुए सहयोग के लिए और अवसर तलाशेंगी। महिंद्रा ने ब्रिटेन के बैनबरी में अपने बॉर्न ईवी विज़न अनावरण कार्यक्रम में अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी रेंज का प्रदर्शित किया। इलेक्ट्रिक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी' वाहन (एसयूवी) को बिल्कुल नए इंगलो प्लेटफॉर्म ढांचे पर पेश किया जाएगा और इन्हें इलेक्ट्रिक ड्राइवट्रेन, बैटरी सिस्टम और बैटरी सेल सहित एमईबी कलपुर्जो से लैस करने की परिकल्पना की गई है। कंपनियों ने कहा कि भारत के लिए संभावित रणनीतिक गठबंधन की दिशा में अगले कदम के रूप में, दोनों कंपनियां ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए सहमत हुई हैं, जिसमें वाहन परियोजनाएं, बैटरी सेल निर्माण का स्थानीयकरण और भारत में इलेक्ट्रिक पारिस्थिकी तंत्र के लिए चार्जिंग और ऊर्जा समाधान शामिल हैं।



# धनश्री वर्मा का नया सॉन्ग ओये होये होये हुआ रिलीज



आज के वक्त में इंटरनेट पर काफी ज्यादा चर्चा सामना आ रही है। वही यूट्यूब पर कई जबरदस्त सॉन्ग को रिलीज किया जाता रहा है। पिछले कुछ वक्त से कई सिंगर अपने गानों को इंटरनेट पर रिलीज करते है। इसी बिच पंजाब इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर और एक्टर जस्सी गिल का नया गाना आज इंटरनेट पर रिलीज कर दिया गया है वही रिलीज के साथ ही ये काफी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। टी सीरीज के बैनर के तले बने इस गाने को दर्शको ने काफी प्यार दिया है। इस गाने का नाम ओये होये होये है। इस गाने को जस्सी गिल और सिमर कौर ने इस गाने को अपनी आवाज़ दी है। इस गाने को अवव्य सरा ने म्यूजिक दिया है। वही इस गाने में जस्सी गिल और धनश्री वर्मा डांस करती हुई नज़र आ रही है। वही इस गाने का निर्देशन अरविबडेर खैरा ने लिया है। वही इस गाने को दर्शको का काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक इस गाने पर 10 लाख से ज्यादा व्यूज आ चुके है। वही 70 हजार से ज्यादा लोगो ने इस गाने को लाइक किया है। वही एक बार फिर धनश्री का ध्यान सभी को काफी पसंद आ रहा है। धनश्री को एक बार फिर लोगो का प्यार मिलता हुआ नज़र आ रहा है। सोशल मीडिया पर ये गाना काफी चर्चा में है। अब देखना होगा की आने वाले कुछ दिनों पर इस गाने को दर्शको का कैसा रिस्पॉन्स मिलता है। इस तरह के गाने को शार्ट वीडियो प्लेटफार्म पर काफी ज्यादा पसंद किया जाता रहा है।

## अजय देवगन का नया अवतार देख उड़ सभी के होश

ओटीटी के गलियारों में कई फिल्मो और वेब सीरीज को लेकर काफी चर्चा समाने आ रही है। ओटीटी को लेकर हर दिन बड़े अपडेट सामने आते ही रहते है। ये कहना गलत नहीं होगा की आज के वक्त में ओटीटी एक बहुत ही चर्चित माध्यम बन गया है। वही ओटीटी पर कई बड़े बॉलीवुड स्टार भी नज़र आ चुके है और ये लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। इसी बिच बॉलीवुड के दमदार कलाकरो में से एक अजय देवगन भी ओटीटी के गलियारों में कदम रखते हुए नज़र आने वाले है। हाल ही में अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो को शेयर किया है। जिसमे वह बोलते नज़र आ रहे है ङ्क 'कितनी बार कहा है आपको मेरा नाम अजय नहीं सुदर्शन है सुदर्शन।' अजय का ये वीडियो चर्चा में आ गया है। वही इस वीडियो को शेयर करते हुई उन्होंने कैप्शन में लिखा -'दुआ में याद रखना , नाम है सुदर्शन' इस वीडियो के सामने आने के बाद से कई बाते शुरू हो गयी है। वही इस वीडियो को अजय के नए वेब प्रोजेक्ट का टीजर मन जा रहा है। वही इस वीडियो पर दर्शकों के काफी जबरदस्त कमेंट आ रहे है। वही इस वीडियो में अजय ने डिज्नी + हॉटस्टार को टैग किया है। वही बताया जा रहा है अजय के साथ साथ इस प्रोजेक्ट में तमन्ना भाटिया भी नज़र आ सकती है। अब देखना होगा इस नए प्रोजेक्ट में क्या कुछ देखने को मिलता है। आपको अजय का ये नया वीडियो कैसा लगा निचे कमेंट कर के जरूर बताए।



## आरएसवीपी ने ए थर्सडे से स्कूल शिक्षक की भूमिका में यामी का पहला लुक किया रिलीज!

रॉनी स्क्रूवाला की आरएसवीपी ने ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ अपनी आगामी डायरेक्ट-टू-डिजिटल थ्रिलर ए थर्सडे से आखिरकार यामी गौतम का बहुप्रतीक्षित लुक रिलीज कर दिया है जिसमें वह एक शिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, यह फिल्म गुरुवार को होने वाली अकल्पनीय घटनाओं पर आधारित है। प्रतिभाशाली अभिनेत्री फिल्म में नैना जायसवाल नामक एक सिंपल स्कूल शिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। उनका लुक बहुत सिंपल रखा गया है, जिसने उनके किरदार के प्रति अधिक जिज्ञासु कर दिया है। फिल्म एक बुद्धिमान प्ले स्कूल शिक्षक की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। ए थर्सडे के निमार्ता, रोनी स्क्रूवाला आरएसवीपी के तहत ए थर्सडे का निर्माण करेंगे क्योंकि वह हमेशा नई स्क्रिप्ट और प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं।

# सारा अली खान के भाई इब्राहिम को लॉन्च करने जा रहे हैं करण जौहर?

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान की बॉलीवुड में एंट्री के पहले से ही बड़ी फैन फॉलोइंग है. इब्राहिम की एक झलक लिए अभी से फैंस दीवाने रहते हैं. इब्राहिम एक्ट्रेस सारा अली खान के छोटे भाई हैं, ऐसे में सारा भी अक्सर अपने भाई इब्राहिम के साथ की तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं और वे कुछ ही समय में बिल्कुल वायरल हो जाते हैं. इसी बीच इब्राहिम को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है. कहने की जरूरत नहीं है कि इब्राहिम अली खान की बड़ी लोकप्रियता है. स्टारकिड के बॉलीवुड में कदम रखने का उनके चाहने वाले इंतजार कर रहे हैं. ऐसे में हाल ही में इब्राहिम ने सिनेमा में कदम रखने की एक खास बात सामने आई है. हाल ही में इब्राहिम को करण जौहर के पुराने धर्म प्रोडक्शन कार्यालय के बाहर देखा गया था. स्टार किड ने कैजुअल आउटफिट हुआ था और शॉर्ट्स के साथ लंबी-लंबी ग्रे टी शर्ट में पहनी थी.इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि उनके पास एक बैकपैक था, और प्रशंसकों ने सोचा कि क्या इब्राहिम को करण जौहर द्वारा जल्द लॉन्च किया जाएगा? इस बात पर फैंस कयास लगा रहे हैं कि क्या सारा के भाई को लॉन्च करने की जिम्मेदारी करण ने ले ली है.इस पर मुहर नहीं लग पाई है कि इब्राहिम करण के ऑफिस किसी और काम से पहुंचे थे या फिर वह जल्द करण से साथ काम करने वाले हैं. करण इससे पहले भी कई स्टारकिड्स को लॉन्च कर चुके हैं और हाल ही में संजय कपूर की बेटी शनाया को लॉन्च करने का ऐलान किया है. सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद करण जौहर पर नेपोटिज्म को लेकर कई आरोप लगे थे, जिसके बाद एक्टर ने सोशल मीडिया से खुद को काफी दूर कर लिया था. इसके बाद कुछ दिनों पहले ही एक्टर ने कुछ नए चेहरों को लॉन्च करने का ऐलान किया था. लेकिन शनाया के लॉन्च की बात से वह फिर से विवादों में घिरते दिखे. बात शनाया की करें तो जब से होने वाली एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया एकाउंट पब्लिक किया है, तब से वो किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं. शनाया की डेब्यू से पहले की चाहने वालों की लिस्ट बहुत लंबी है।



# विक्की कौशल और कियारा आडवाणी शुरू की फिल्म मिस्टर लेले की शूटिंग

बॉलीवुड के गलियारों में काफी वक्त से कई फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आ रही है। वही बॉलीवुड के कुछ कलाकार इन दिनों काफी बिजी नज़र आ रहे है उन्ही में से एक है विक्की कौशल। विखयू इन दोनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बने हुए है। वही विक्की ने अब अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है जिसको लेकर वह काफी उत्साहित है।



डायरेक्टर शशांक खेतान की विवादित फिल्म मिस्टर लेले एक बार फिर चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म के मेकर्स पर काफी गंभीर आरोप लगे थे। जिसके चलते उन्हें इस फिल्म को बंद कर दिया था। लेकिन एक बार फिर ये फिल्म चर्चा में आ गयी है। हाल ही में खबर आई थी की इस फिल्म में कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नज़र आने वाली है। वही अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। खबरों की माने तो इस फिल्म की शूटिंग अब शुरू कर दी गयी है। बीते हफ्ते ही विक्की कौशल और कियारा आडवाणी ने मिस्टर लेले की शुरू कर दी है। वहीं इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में की जाएगी। इस फिल्म के निर्माण करण जौहर के बैनर तले किया जाएगा। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर भी एक अहम् किरदार निभाती हुई नज़र आने वाली है। पहले इस फिल्म को वरुण धवन के साथ मनाया जा रहा था। अब देखना विक्की और कियारा बॉक्स ऑफिस पर क्या कुछ धमाल मचा पाते है।

## सनकी में एक विकलांग व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे वरुण धवन



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन इन दिनों फिल्म 'भेड़िया' की शूटिंग के लिए अरुणाचल प्रदेश में है। इस फिल्म में उनके साथ कीर्ति सेनन नजर आएगी। अब खबर आ रही हैं कि वरुण धवन तमिल थ्रिलर धुरुवंगल पदिनारु की हिंदी रीमेक सनकी में एक विकलांग व्यक्ति के किरदार में नजर आयेंगे। गौरतलब है कि साजिद नाडियाडवाला के निर्देशन में बन रही फिल्म सनकी में परिणीति चोपड़ा का नाम फाईनल हो चुका है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से ये खबर दी है कि सनकी यह एक शानदार थ्रिलर फिल्म है। जिसमें बतौर लीड एक्टर वरुण धवन एक बहादुर पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखाई देंगे। जिसने एक केस को सुलझाने के दौरान अपनी एक टांग खो दी थी। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि साजिद नाडियाडवाला ने सुपरहिट तमिल थ्रिलर धुरुवंगल पदिनारु के आधिकारिक अधिकार खरीदे थे और वरुण की सनकी इसी फ़िल्म का हिंदी रीमेक है। साजिद अब इसे पैन-इंडिया प्लेटफॉर्म के अनुरूप बना रहे हैं । यह दूसरी बार है कि वरुण और परिणीति साथ में नजर आएंगे।

# टीना दत्ता की ग्लैमरस फोटो मचा रहीं तहलका, नजर हटा पाना होगा मुश्किल



'उतरन' फेम टीना दत्ता की ग्लैमरस फोटो मचा रहीं तहलका, नजर हटा पाना होगा मुश्किल ऑनस्क्रीन रोल्स से असल जिंदगी में काफी अलग दिखती हैं टीना दत्ता। आप सभी ने टीना को सीरियल 'उतरन' में देखा होगा। लेकिन अगर उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो वह काफी ग्लैमरस हैं। ऑनस्क्रीन रोल्स से असल जिंदगी में काफी अलग दिखती हैं टीना दत्ता। आप सभी ने टीना को सीरियल 'उतरन' में देखा होगा। लेकिन अगर उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो वह काफी ग्लैमरस हैं। टीना दत्ता ने अपना बोल्ड फोटोशूट कराया है। जिसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। फोटो में एक्ट्रेस की लुक की बात करें तो आप देख सकते हैं कि टीना ब्राउन हेयर के साथ ही साथ अपनी आंखों को भी ब्राउन शेड लुक दिया है। अब एक्ट्रेस की अपीयरेंस की बात करें तो आप देख सकते हैं कि कैसे फोटो में टीना टॉपलेस होकर खुद को एक ब्राउन एनिमल प्रिंट बाथरॉब से ढक रखा है। फोटो में टीना दत्ता ग्लैमरस दिखने के साथ ही साथ बेहद हॉट लग रही हैं। फोटो में उनकी खूबसूरती देखकर उनके फैन्स दिवाने हो जा रहे हैं।

# असली शुद्ध शहद की पहचान कैसे करे, जानिए 7 आसान तरीके



शहद एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जिसका उपयोग खाने के लिए किया जाता है चूँकि शहद सेहद को काफी फायदा पहुंचाता है इस वजह से बहुत से लोग शहद को अपने रोज के खाने में इस्तेमाल करते हैं। यदि शहद मिलावटी है तो यह सेहत को फायदा पहुँचाने की जगह उल्टा नुकसान पहुँचाता है इसलिए जब भी आप शहद खरीदने जाए या फिर घर पर ले आये तो उसके असली या नकली होने का अंतर जरुर चेक करे। तो असली शहद की पहचान क्या है चलिए जानते हैं।

**1. कांच की मदद ले:** इसके लिए आपको कांच की प्लेट लेना है इसमें शहद की कुछ बूँद गिराना है यदि शहद को टपकाने पर यह सांप की कुंडली के जैसी आकृति बना ले तो यह शुद्ध होगा लेकिन यदि शहद तुरंत फैल जाए तो यह नकली होगा।

**2. पानी के साथ मिलाकर देखे:** आप पानी की सहायता से भी असली और नकली शहद की पहचान कर सकते हैं इसके लिए आपको एक कांच के गिलास में साफ पानी लेना है। इसमें पतले तार के रूप में शहद को गिराना है यदि शहद शुद्ध होगा यह पतले तार के जैसे गिलास की सतह पर बैठ जायेगा जबकि अशुद्ध हनी पानी में घुल जाता है।

**3. रुई की सहायता ले:** शहद को रुई में भिगोकर उसकी बत्ती बनाये अब इसकी बत्ती को जलाये यदि शहद नकली होगा तो यह जलेगा ही नहीं यदि जल भी जाता है तो यह चिट चिट की आवाज के साथ जलेगा।

**4. सफेद कपड़े से जांचे:** इसके लिए आपको साफ सफेद कपड़े पर शहद की कुछ बूंद गिराना है। थोड़ी देर बाद इस कपड़े को पानी से धोएं यदि शहद शुद्ध होगा तो कपड़े पर दाग नहीं लगेगा लेकिन यदि शहद अशुद्ध है तो कपड़े दाग लग जायेगा।

**5. मौसम से करे असली शहद की पहचान:** आपको बता दे कि असली शहद सर्दी यानी ठंड के मौसम में जम जाता है जबकि गर्मी के मौसम में पिघल जाता है लेकिन यदि आपका शहद हर मौसम में एक जैसा ही रहता है तो आपको समझ जाना है कि शहद में मिलावट की गयी है।

**6. लकड़ी की सहायता ले:** इसमें आपको एक लकड़ी का टुकड़ा लेना है और इस लकड़ी के टुकड़े में शहद की कुछ बूँद गिराना है इसके बाद शहद के पास माचिस की जलती हुई तीली ले जाए।

## गर्मियों में आम खाने से पहले हो जाएं सतर्क, वरना हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां

गर्मियों के सीजन में फलों का राजा आम का चारों ओर राज होता है. गर्मियों में ज्यादातर लोग आम खाना पसंद करते हैं। आम में विटामिन ए, आयरन, कॉपर और पोटैशियम के पोषक तत्व भरपूर रूप से मौजूद होता है। आम सेहत और स्वाद में जितना मीठा और रसीला होता है। उतना ही कुछ लोगों के लिए काफी नुकसानदायक होता है। आज हम आपको आम की वजह से होने वाली खतरनाक बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। चलिए जानते हैं आम खाने से सेहत को क्या नुकासान होता है..... आम खाने से सेहत को कई फायदे होते हैं, लेकिन कई लोगों को आम खाना भारी पड़ सकता है। यदि आपको पेट से संबंधित परेशानियां हैं, तो आम खाने से बचें। क्योंकि पेट की समस्या के दौरान आम खाने से पेट में आंव पड़ना, लूज मोशन जैसी बीमारी हो सकती हैं। ज्यादा आम खाने से स्किन की समस्या होने लगती है। कई लोगों को ज्यादा आम खाने से फोड़े-फुंसी होने लगते हैं। अगर आप आम खाने के दौरान इस बात का ख्याल नहीं रखेंगे कि कहीं इसका मुँह ( डांड) का तरल पदार्थ कहीं लगा, तो नहीं।



# पीएम मोदी का दांव!

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर दिए अपने भाषण में भाई-भतीजावाद और परिवारवाद का जिक्र कर 2024 के चुनावी समीकरणों निशाना साधा है। यही नहीं पीएम मोदी ने अपने भाषण में भाई-भतीजावाद और परिवारवाद का जिक्र करके भविष्य में होने वाले विपक्षी दलों के किसी भी बड़े राजनीतिक गठबंधन पर अभी से ही विपक्ष को घेरने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। जिस तरीके से बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है, उसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि राजनीतिक गठबंधन की राह में भाई-भतीजावाद और परिवारवाद भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक हथियार साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए भाषण में परिवारवाद और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को शामिल कर विपक्ष पर बड़ा हमला किया है। जिस तरीके से बिहार में जेडीयू और आरजेडी का गठबंधन हुआ है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह गठबंधन बड़े राजनीतिक दलों के साथ एक बड़ा आयाम ले सकता है। 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनावों में विपक्षी दलों का गठबंधन होता है या नहीं होता है यह तो भविष्य तय करेगा, लेकिन भाजपा को इस बात का अंदाजा है कि गठबंधन की राह किस डगर से होकर आगे जानी है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले लोकसभा चुनावों से पहले ही सबसे बड़े मुद्दे के साथ विपक्ष को अभी से घेरना शुरू कर दिया है, जिस पर चुनावी नतीजे बनने और बिगडने़ वाले हैं। परिवारवाद और भ्रष्टाचार ऐसे मुद्दे हैं जो बीते कुछ समय के विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में बड़े मुद्दे के तौर पर अलग-अलग राज्यों में और क्षेत्रों में जमकर उठाए गए हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस पर दिए जाने वाले भाषण में इसका उल्लेख निश्चित तौर पर चुनावी समीकरणों को साधना ही है। जिस तरीके से बिहार में आरजेडी और जेडीयू का गठबंधन हुआ उससे आने वाले दिनों में होने वाले कई राजनीतिक दलों के गठबंधन की राह खुलती हुई दिख रही है। आरजेडी पर लगातार परिवारवाद का आरोप लगता रहा है। बिहार के चुनाव में भाजपा, आरजेडी पर परिवारवाद का आरोप लगाकर चुनावी समर में उतरी थी। जिस तरीके से आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव कांग्रेस के बड़े नेताओं से संपर्क कर रहे हैं और पिछ्ले हफ्ते कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले उससे अंदाजा यह भी लगाया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्षियों का बड़ा गठबंधन कांग्रेस समेत कई अन्य दलों से हो सकता है। चूंकि भाजपा लगातार कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रहती है। ऐसे में प्रधानमंत्री का स्वतंत्रता दिवस पर परिवारवाद और भाई-भतीजावाद पर दिया गया भाषण विपक्षियों को घेरने के लिए मजबूत माना जा रहा है। परिवारवाद पर हमले में सिर्फ आरजेडी ही नहीं बल्कि बल्कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अलावा महाराष्ट्र में शिवसेना समेत पंजाब में अकाली दल समेतअन्य परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक घरानों को भी घेरा है। सिर्फ परिवारवाद और भाई भतीजावाद के अलावा प्रधानमंत्री ने जिस तरीके से भ्रष्टाचार का जिक्र स्वतंत्रता दिवस के भाषण में किया है, वह भी विपक्षियों को 2024 के चुनावों में बड़ा असहज करने वाला है। कांग्रेस से लेकर तृणमूल कांग्रेस तक को भ्रष्टाचार के मामले में भाजपा लगातार घेरती आई है। चुनावी रैलियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाने और स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस तरीके के भ्रष्ट सिस्टम को जड़ से उखाड़ फेंकने वाले भाषण में जमीन आसमान का अंतर होता है। चुनावी रैलियां पूरी तरीके से चुनाव को केंद्रित करके की जाती हैं, जिसमें तमाम तरह के आरोप प्रत्यारोपों को लगाने का सिलसिला चलता है।

# लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधन

ऋतुपर्ण दवे

## भावुक और दार्शनिक लेकिन सख्ती से भरी प्रधानमंत्री की बड़ी बातें

आजादी के गुमनाम मतवालों को याद करते हुए स्वतंत्रता दिवस के 76 वें मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद अलग, दार्शनिक लेकिन संकल्पित अंदाज में दिखे। उन्होंने भ्रष्टाचारियों को भी खुले तौर पर ललकारा तथा भाई-भतीजावाद का विरोध कर इसे नई पीढ़ी के खिलाफ बताया। लालकिले की प्राचीर से उनका यह पहला भाषण था जिसमें उन्होंने देशवासियों का बेहद भावुक अंदाज में आव्हान किया और बताया कि किस तरह आजादी के सैकड़ों वर्षों के संघर्ष, पराक्रम, बलिदान, त्याग और उपलब्धियों के चलते ही आज हम यहाँ तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री ने आने वाले 25 साल के लिए पंच प्रण यानी 5 संकल्पों पर सभी को अपनी शक्ति, संकल्प तथा सामर्थ्य के साथ केंद्रित होने का आग्रह किया। पहला प्रण देश बड़े संकल्प के साथ चले जिसमें हमें विकसित भारत से कम कुछ भी नहीं चाहिए। दूसरा प्रण किसी भी कोने में हमारे मन में गुलामी का लेशमात्र अंश भी न रहे। हमें वैसा ही होना चाहिए जैसे हैं। अब बिल्कुल जरूरी नहीं कि सात समंदर पार के गुलामी के जरा से भी तत्व रह जाएं। दासता के सभी निशान मिटा दें। तीसरा प्रण हमें हमारी अपनी विरासत पर गर्व करना होगा। यही वो विरासत है जो कभी भारत का स्वर्णिम काल था और जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। चौथा प्रण एकता और एक जुटता का है। 130 करोड़ देशवासियों में ऐसी एकता हो जिसमें न कोई अपना न कोई पराया हो सब एक हों। एकता की ताकत एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपनों के लिए अहम है। पांचवां प्रण नागरिकों के कर्तव्य हैं सब इसे समझें और पूरा करें चाहे प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री कोई भी बाहर नहीं है।

इस बार प्रधानमंत्री का उद्बोधन और आत्मविश्वास का बेहद अलग ही दार्शनिक लेकिन दो टूक रहा जो बता रहा था कि वो एक नए भारत का खाका लालकिले की प्राचीर से देश के सामने रख रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने बड़े ही खुलेपन से कहा कि यह वही भारत है जिसने अन्न संकट पर आत्म निर्भरता प्राप्त की। युध्द की विभीषिकाओं, आतंकवाद से निपट कर हमने अपना सामर्थ्य दुनिया को दिखा दिया। यह भारत की संस्कार सरिता ही है जिसने सफलता-विफलता, आशा-निराशा के अनेकों पड़ावों के बाद भी देश को दुनिया में एक अलग मुकाम पर ला खड़ा किया। आज दुनिया को भारत जो दे रहा है वह किसी के पास नहीं है। व्यक्तिगत तनाव से निपटने खातिर भारतीय योग तो सामूहिक तनाव से निपटने के लिए भारतीय परिवारों के उदाहरण दिए जाते हैं। संयुक्त परिवार की सबसे बड़ी पूंजी सदियों से हमारी माताओं का त्याग और बलिदान है जिनके कारण ही परिवार नाम की जो व्यवस्था विकसित हुई वह हमारी बड़ी विरासत है जिस पर गर्व है।

नारी के सम्मान पर बेहद भावुक अंदाज में उन्होंने सबका ध्यान खूब खींचा। उन्होंने कहा किसी न किसी कारण से हमारे बोलचाल, व्यवहार में एक विकृति आई है। क्या हम स्वभाव, संस्कार, रोजमर्रा की जिंदगी में नारी को अपमानित करने वाली हर बात से मुक्ति का संकल्प ले सकते हैं? हम इस पर जितना ध्यान देंगे, जितना ज्यादा अवसर बेटियों को देंगे देखेंगे कि वो देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगी। अदालतों का उदाहरण देते हुए कहा कि वकील के तौर पर नारी शक्ति का वर्णन और गांवों में पंचायत से लेकर आज ज्ञान-विज्ञान के हर क्षेत्र में नारी शक्ति सिरमौर नजर आती हैं। पुलिस में सुरक्षा की जिम्मेदारी उठातीं तो खेल-कूद का मैदान देखें या युद्ध की भूमि देखें भारत की नारी शक्ति एक नए सामर्थ्य के साथ आगे आ रही हैं। आने-वाले 25 साल में ये योगदान और ज्यादा बढ़ेगा। आजादी की जंग की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने उसके रूपों की भी चर्चा की। ऐसे ही एक रूप में स्वामी नारायण गुरु, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंदो,



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जैसे अनेकों महापुरूषों ने देश के कोने-कोने में भारत की चेतना को जगाया। वहीं मंगल पांडे, तात्या टोपे, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद, असफाक उल्ला खां, राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांति वीरों का वो रूप भी दिखा जिसने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दीं। वहीं अलूरी सीताराम राजू तो महिलाओं में रानी लक्ष्मी बाई, झलकारी बाई, रानी गाइडिंगलू, रानी चेनम्मा का दौर भी बताया। जब देश का कोई कोना या कोई काल ऐसा नहीं था जहाँ देशवासियों ने सैंकड़ों सालों तक गुलामी के खिलाफ जंग न लड़ी हो। तमाम यातनाएं झेलीं और अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। ऐसे हर महापुरुष, हर बलिदानी और त्यागी को याद करने व नमन करने का अवसर बताया।

प्रधानमंत्री ने बड़े संकल्पों का आव्हान करते हुए कहा कि जब संकल्प बड़े होते हैं तो पुरुषार्थ भी बड़ा होता है। युवाओं विशेषकर 20–22 वर्ष के नौजवानों से इस संबंध में अपेक्षाएं भी की और कहा कि पंच प्रण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा। 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब आजादी के दीवानों के सारे सपनों को पूरा करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा। प्रधानमंत्री के आज के उद्बोधन में उनका भारतीय दर्शन भी साफ झलक रहा था जिसमें उन्होंने कहा कि भारत ही दुनिया का वो देश है जिसकी जीवन शैली ने दुनिया को प्रभावित किया है। हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। हम ही वो लोग हैं, जो जीव में शिव देखते हैं, नर में नारायण देखते हैं, नारी को नारायणी कहते हैं, पौधे में परमात्मा देखते हैं, नदी को मां मानते हैं, कंकड़-कंकड़ में शंकर देखते हैं। सत्य एक है जिसे जानकार अलग-अलग कहते हैं। भारतीय ही जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाले लोग हैं। इसी एकता, एक जुटता का भाव इण्डिया फर्स्ट का भाव जगाता है, दिखाता है। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया और हर ड्रॉप मोर क्रॉप का आव्हान किया जो बताता है कि देश के लिए एक-एक प्रयास पर उनका कितना ध्यान है। इतना ही नहीं विशेषकर बहुत छोटे बच्चों का जिक्र भी किया जो 5-7 साल के होकर भी देशी खिलौने से खेलने को लेकर समझ रखते हैं। यह भारत ही है जहाँ देश प्रेम की ऐसी सोच बचपन से बच्चों में भरी जाती है। इशारों ही इशारों में अनुशासित जीवन का जिक्र करते हुए पुलिस-पीपुल और शासक-प्रशासक को भी अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति चेताना बताता है कि इस पर अभी काफी कुछ दिखने वाला है। उन्होंने कहा शास्त्री जी ने देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जय जवान-जय किसान का नारा दिया। बाद में अटल जी ने इसमें जय विज्ञान को जोड़ा और अब देश की जरूरतों को देखते हुए इसमें एक नया जोड़ना आवश्यक है। इसलिए अब जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान की जरूरत है। आने वाला दौर डेकेड (10वर्ष) टेकेड (तकनीक) का होगा। नरेन्द्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से एक बड़ी बात कही जो अब बेहद सुर्खियों में रहने वाली है। उन्होंने भ्रष्टाचारी, परिवारवादी राजनीति करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए बुरी तरह से लताड़ा और देश को बड़ा संकेत भी दिया कि देश के साथ खिलवाड़ करने और जन विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के और भी बुरे दिन आने वाले हैं।

## मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यत~ चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक ‘फ्रायड’ का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी शृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं। हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य ‘मौन’ करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अत~ आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, हृदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है।

# कहो तो कह दो । झूठे वायदे नहीं किए तो क्या खाक राजनीति की ‘सुनक साहेब’

चैतन्य भट्ट



एक अखबार में खबर छपी कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के भारतीय मूल के उम्मीदवार ÷ऋषि सुनक÷ ने घोषणा कर दी है कि वे चुनाव जीतने के लिए कोई भी झूठे वायदे जनता से नहीं करेंगे चाहे वे चुनाव हार ही क्यों ना जाएं,इसका मतलब है कि सुनक साहेब पक्का चुनाव हारने वाले हैं । हुजूर राजनीति यदि करनी है तो झूठे वादे करना तो उसकी सबसे पहली और इंपॉर्टेंट सीढ़ी है फिर आप तो भारतीय मूल के व्यक्ति हो, आपने यहां के राजनेताओं को नहीं देखा उनके वादे नहीं सुने ,क्या-क्या वायदे नहीं करते वे चुनाव जीतने के लिए । कोई ÷लैपटॉप÷ बांट रहा है, तो कोई ÷बिजली फ्री÷ में दे रहा, कोई ÷स्कूटी÷ देने तैयार है, तो कोई लोगों के तमाम कर्ज माफ करने तैयार है ,वादे भी ऐसे ऐसे करते हैं भारत के नेता कि देश को स्वर्ग बना देंगे लेकिन बना देते हैं नर्क । ऐसे हसीन और रंगीन वादों के झूले में झूलते हुए मतदाता उन्हें चुनाव जिता कर सत्ता की कुर्सी पर बिठा भी देते हैं और जीतने के बाद जब उनसे पूछा जाता है कि आपने तो ये वादा किया था क्या हुआ उनका, तो मुस्कुरा कर कह देते हैं अरे भोले राजा वे चुनावी जुमले थे। लगता है जिस तरह की बात सुनक साहेब कर रहे है उसको देखकर उनकी भारतीयता पर शक होने लगा है कि वे भारतीय मूल के नहीं है, यदि भारतीय मूल के होते तो कभी भी झूठे वादे ना करने की बात कभी ना कहते , या तो फिर ऐसा लगता है कि उनकी ÷माताराम÷ जब वे ÷नवजात शिशु ÷थे तभी उनको लेकर ब्रिटेन चली गई होंगी इसलिए अपने राजनेताओं की छाया उन पर नहीं पड़ पाई,वरना ऐसा कैसे हो सकता है कि कोई भारतीय नेता चुनाव लडे और झूठे वायदे ना करे ।एक बात और आपको बता देते हैं हम,यदि आप झूठे वादे नहीं करोगे तो आप भारतीय नहीं माने जाओगे क्योंकि यहां तो झूठे वादे करना हर आदमी का सबसे पहला कर्तव्य है, हर नेता कहता है देश की सेवा के लिए राजनीति में आया है, लेकिन करता क्या है यह सबको मालूम है। व्यापारी कहता है ईमानदारी से व्यापार करूंगा लेकिन करता क्या है यह सब जानते हैं ।पुलिस कहती है देशभक्ति और जनसेवा मेरा कर्तव्य है लेकिन होता क्या है यह भी सबको मालूम है। नौकरशाह कहते हैं हम जनता के सेवक हैं लेकिन देखा जाता है कि जनता उनकी सेवक बन जाती है।, अब तो राजनीति में झूठे वादे करने की ऐसी स्पीड चल रही है कि कुछ दिन में ना कहो राजनीतिक दल हर परिवार को एक ÷हेलीकॉप्टर÷ देने की घोषणा कर दे और साफ कह दें कि आप लोग सड़कों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बहुत परेशान हैं इसलिए आप सबको एक एक हेलीकॉप्टर दिया जाता है ताकि आप सड़कों के जाम से मुक्ति पा सकें लेकिन यदि आसमान में ट्रैफिक जाम हो जाए तो वो जिम्मेदारी हमारी नहीं क्योंकि हमारा काम तो आपको हेलीकॉप्टर देने का है तो हमने दे दिया इसलिए मेरा आपसे निवेदन है हुजूर कि अगर आप सच में चुनाव जीतना चाहते हैं तो झूठे वादों की लिस्ट जो भारत के राजनेताओं के पास बरसों से रखी हुई है उसकी एक ÷फोटो कॉपी÷ करवा ले और तत्काल में पूरे ब्रिटेन में बटवा दें और अगर झूठे वादे नहीं करना है तो फिर चुनाव लड़ने की जरूरत भी क्या है, उम्मीदवारी कैंसिल करो और अपने घर बैठो उसी में फायदा है। एक बात और कहे देते हैं हम यदि आपने झूठे वादे नहीं किए तो आप पर यह इल्जाम भी लगेगा कि आपने पूरे भारत की राजनीति की नाक ब्रिटेन में कटवा दी यह पाप अपने सर मत लेना धकापेल झूठे वादे करना और जीत कर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन जाना ।

**काहे को चीते के पीछे पड़े हो:**

नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से मध्यप्रदेश के कूनो पालघर राष्ट्रीय उद्यान के लिए ÷चीते÷ लाने की कवायद लंबे समय से चल रही है इस चक्कर में वन विभाग के और दीगर सरकारी तमाम अफसर कई बार नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका की बेहतरीन यात्रा करके भी आ गए हैं लेकिन वे दासियों बार जाकर वापस आ गए लेकिन अभी तक चीते नहीं आए अब एक बात और पता लगी है कि वे चीते तब तक भारत नहीं आएंगे जब तक दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति की अनुमति उन्हें भारत ले जाने के लिए नहीं मिलेगी । अपने को समझ में नहीं आता कि मध्य प्रदेश सरकार काहे के लिए उन चीतों के पीछे पड़ी है अरे जब पड़ोसी देश पाकिस्तान में डेढ़ डेढ़ लाख रुपैया में शेर मिल रहे हैं तो उन्हें क्यों नहीं ले लेती भैया ये सरकार। शेर तो शेर होता है।

# कभी ख़त्म भी होगा सत्ता संरक्षण में पोषित होने वाला असीमित भ्रष्टाचार

## सूडोकु नवताल- 6164

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6163 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

निर्मल रानी

राष्ट्रीय राजमार्ग हों या अंतरराज्यीय मार्ग अथवा शहरों,क़स्बों व गांव की सड़कें या गलियां,कहने को तो इनका निर्माण जनता की ज़रूरतों व जन सुविधाओं के मद्देनज़र किया जाता है। परन्तु समय पूर्व इनका क्षतिग्रस्त या ध्वस्त हो जाना तो कभी कभी यही एहसास दिलाता है कि इन सड़कों का निर्माण आम लोगों की सुविधाओं के लिये नहीं बल्कि सत्ता संरक्षण में पलने वाले भ्रष्ट ठेकेदारों व इनकी कंपनियों पर जनता के पैसे लुटाने व इन्हें मालामाल करने ग़रज़ से ही किया जाता है। केवल सड़कें व गलियां ही नहीं बल्कि जगह जगह हो रहे पार्कों के सौन्दर्यीकरण,उनमें लगने वाले व्यायाम संबंधी उपकरण,शहरों में नवनिर्मित प्रवेश द्वार,नये चौराहे,रेलवे प्लेटफ़ॉर्म्स व क्वार्टर्स, आदि सभी जगह भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोलता दिखाई देता है। परन्तु सरकार है कि %भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस % की अपनी रट लगाये रहती है। हर विपक्षी दल, सत्तारूढ़ दल पर भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाकर उसे ख़ूब बदनाम कर सत्ता हासिल करता है और कुछ इसी तरह का दावा करता है जैसे कि %बहुत हुआ भ्रष्टाचार-अब की बार मोदी सरकार %। तो क्या मोदी सरकार आने के बाद देश में भ्रष्टाचार ख़त्म हो गया है,या कम हो गया है ? क्या भ्रष्टाचारियों और दोनों हाथों से जनता का पैसा लूटने वालों के दिलों में %भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस % रखने का दावा करने वाली मोदी सरकार अथवा



देश के कई राज्यों में चल रही भाजपा सरकार के प्रति कुछ डर-ख़ौफ़ पैदा हुआ है? आइये कुछ उदाहरणों से यही समझने की कोशिश करते हैं। सबसे बड़ी और ताज़ा मिसाल तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की ही है। ज़बरदस्त प्रचार-प्रसार और धूम धड़ाके गाजे बाजे के साथ गत 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से इस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन जालौन (उत्तर प्रदेश ) के कैथेरी में किया गया था। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को बुंदेलखंड के विकास के लिये मील का पत्थर बताया गया है। चित्रकूट के भरतकूप से प्रारंभ होकर इटावा के कुदरेल में मिलने वाले 296 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के निर्माण में 15 हज़ार करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इसके उद्घाटन के मात्र 5 दिन बाद ही यह बहुमूल्य एक्स्प्रेसवे एक दो नहीं बल्कि अनेक जगहों से धंस गया। कई जगह तो सड़क धंसने की वजह से दुर्घटनाएं भी हुईं। ज़रा सोचिये कि जिस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने किया हो और वह अपनी गुणवत्ता एक सप्ताह भी प्रमाणित न कर सके ,पहली ही बरसात के चार दिन भी न झेल सके। उस मार्ग के लंबे समय तक टिकाऊ बने रहने की क्या उम्मीद की जा सकती है ? इस घटना से एक बात यह भी साबित होती है कि जिस कंपनी को इसके निर्माण का ठेका मिला उसके स्वामी के हाथ कितने लंबे हैं की उसे %भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस % की बात करने वाले प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का भी कोई भय नहीं ?

इसी तरह लगभग तीन वर्ष पहले चंडीगढ़ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सद्दोपुर से अंबाला को बाईपास करता हुआ एक नया राजमार्ग बनाया गया है जो हरियाणा से राजस्थान की तरफ़ जाता है। यह मार्ग भी शुरू होने के मात्र एक महीने के भीतर ही जगह जगह से धंसने लगा था। अभी तक सद्दोपुर-पेहोवा के बीच इस मार्ग पर जगह जगह मरम्मत के काम चल रहे हैं। कई बार और कई जगह से इसे एक तरफ़ से बंद कर वन वे कर दिया जाता है जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित व बाधित हो रहा है। इस भ्रष्टाचार व लापरवाही की वजह से कई दुर्घटनायें भी हो चुकी हैं। परन्तु असंगठित जनता भ्रष्ट लुटेरे ठेकेदारों व सत्ता में बैठे इनके संरक्षकों के संयुक्त व संगठित नेटवर्क का भला कैसे मुक़ाबला कर सकती है। देश उस घटना को भी नहीं भूल सकता जबकि 27 नवंबर 2003 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) में इंजीनियर रहे सत्येंद्र दूबे की गया रेलवे स्टेशन के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

# अपराधी नेताओं को सजा?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आजकल सर्वोच्च न्यायालय में एक बड़ी मजेदार याचिका पर बहस चल रही है। उसमें मांग की गई है कि जिस भी विधायक या सांसद को आपराधिक मामलों में सजा दी गई हो, उसे जीवन भर के लिए राजनीति से बाहर क्यों नहीं किया जाए? अभी 1951 के जन-प्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक यदि किसी नेता को सजा मिलती है तो छह वर्ष तक वह न तो कोई चुनाव लड़ सकता है और न ही किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी बन सकता है। छह साल के बाद वह चाहे तो फिर दनदना सकता है। अब यदि ऐसे नेताओं पर जीवन भर का प्रतिबंध लग जाए तो क्या हमारी राजनीति का शुद्धिकरण नहीं होगा? ऐसे कड़े प्रतिबंध के डर के मारे नेता लोग अपराध आदि करने से क्या बचे रहना नहीं चाहेंगे? इस याचिका को पेश करनेवाले अश्विन उपाध्याय का तर्क है कि यदि एक पुलिसवाला या कोई सरकारी कर्मचारी किसी अपराध में जेल भेज दिया जाता है तो उसकी नौकरी हमेशा के लिए खत्म हो जाती है या नहीं? जहां तक नेता का सवाल है, उसके लिए राजनीति सरकारी नौकरी की तरह उसके जीवन-यापन का एक मात्र साधन नहीं होती है। वह तो जन-सेवा है। उसका शौक है। उसकी प्रतिष्ठा पूर्ति है। राजनीति से बाहर किए जाने पर वह भूखा तो नहीं मर सकता है। इस तर्क का समर्थन भारत के चुनाव आयोग ने भी किया है लेकिन चुनाव आयोग स्वयं तो किसी कानून को बदल नहीं सकता। उसके पास नया कानून बनाने का अधिकार भी नहीं है। ऐसे में सरकार चाहे तो वह कुछ ठोस पहल कर सकती है। वह संसद में प्रस्ताव लाकर ऐसा कानून जरुर बना सकती है लेकिन कोई भी सरकार ऐसा कानून क्यों बनाना चाहेगी? यदि वह ऐसा कानून बना दे तो उसके कई बड़े-बड़े नेता राजनीति से बाहर हो जाएंगे। देश के अनेक केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक साधारण अपराधियों की तरह जेल की हवा खा चुके हैं और कई तो अभी जेल में ही सड़ रहे हैं। मैं उनके नाम यहां नहीं गिना रहा हूं। यदि उनके विरुद्ध वैसा कानून बन गया तो देश की राजनीति में भूकंप आ जाएगा। यह भी ठीक है कि कई नेताओं को उनकी विरोधी सरकारों ने बनावटी आरोपों के आधार पर सींखचों के पीछे धकेल दिया था। इसके अलावा यदि सत्तारुढ़ पार्टी अपने किसी प्रबल विरोधी नेता को राजनीति से बाहर करने के लिए इस कानून का सहारा ले लेगी तो कोई आश्चर्य क्यों होगा? इसीलिए इस याचिका पर फैसला देते हुए अदालत को कई मुद्दों पर विचार करना होगा।

# विश्व शांति के लिए 1008 कलशों से किया गया भगवान का महाभिषेक



## भगवान शांतिनाथ के दरबार में स्याद्वाद युवा क्लब के दो सैकड़ा लोगों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

**अंबाह।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को सुबह विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र सिहोंनिया जी में स्थित श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर में अलग ही नजारा देखने को मिला. यहां पर स्याद्वाद युवा क्लब दिल्ली के लगभग दो सैकड़ा सदस्यों ने आकर जन कल्याण की कामना के उद्देश्य से भगवान शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक कर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भगवान शांतिनाथ का आंगन तिरंगा मय हो गया। भगवान के दर्शन को आने वाले सभी दर्शनार्थियों के हाथों में तिरंगे झंडे लहरा रहे थे, वहीं मंदिर परिसर में देश भक्ति के गीत गूंज रहे थे। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने मंदिर को तिरंगे के रंगों में सजाया, मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु राष्ट्रीय गीतों पर झूमे नाचे और तिरंगा लहराया। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। आयोजन में जिनेश जैन ने कहा कि देश की एकता बनी रहे, हम सब देशवासी एक होकर रहें और आपस में कोई विद्वेष न हो ऐसी में बाबा शांतिनाथ से मनोकामना करता हूं। इस दौरान स्याद्वाद युवा क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश जैन एवं सुदीप जैन ने कहा कि तिरंगा हमारे देश का व इस देश के नागरिकों के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए हमने दिल्ली से यात्रा शुरू कर रास्ते में मिलने वाले जैन तीर्थ क्षेत्रों पर देश मे समृद्धि की कामना के लिए भगवान का अभिषेक कर आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली है, जिसमें हमें सामाजिक लोगों ने भरपूर सहयोग किया है। इसी क्रम में हमने चंबल के बीहड़ों में स्थित भगवान शांतिनाथ के दरबार में भी तिरंगा यात्रा निकालकर देश में अमन चैन की कामना की है। सुदीप जैन गुड़गांव ने कहा कि भगवान के प्रति भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का जुनून ही हमारे रग रग में प्रवाहित है राष्ट्रहित में जैन समाज ने हमेशा सर्वोपरि भूमिका निभाई है। आज भी हम लोग राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए यह यात्रा को लेकर आए हैं, जिसका समापन टिकटौली पर हुआ है। वहीं इससे पहले बैंड बाजों के साथ जब मंदिर परिसर में तिरंगा यात्रा निकली तो हर कोई गर्व से भर गया। यात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय-जय कार के नारे लगाए। इस दौरान, शैलेश जैन, सुदीप जैन गुडगांव, जिनेन्द्र जैन, अजय जैन इंदौर, अभय जैन, दीपक जैन, अभिषेक जैन सहित विमल जैन राजू, आशीष जैन सोनू, अतुल जैन, संजय जैन, विवेक जैन, नीलेश जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में किया ध्वजारोहण

**भिण्ड।** आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में ध्वजारोहण किया गया। कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार, के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर-घर तिरंगा अभियान 13-15 अगस्त के आयोजन के साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा संस्थान परिसर पर ध्वजारोहण प्रातः 07:30 बजे किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारी प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थियो व अन्य गणमान्य नागरिको की सहभागिता रही। इस अवसर पर संस्थान परिसर में राष्ट्रगान व देशभक्ति के गीत गाये व भारत माता की जय घोष के साथ ही मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया ने कहा कि राष्ट्रहित व राष्ट्र सम्मान सर्वोपरि है। आयोजन में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया, कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे, मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, कु. अंजली शर्मा, अमित शर्मा, अजय सिहं कुशवाह, जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, प्रशिक्षक श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, अख्तरी बेगम, सविता श्रीवास, मधू, श्रीमती रामजानकी, महिला लाभार्थी व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।




## तिरंगे की शान में मुस्लिम समाज ने कहा भारत माता की जय



**मुरैना।** सोमवार 15 अगस्त के दिन जब पूरा भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो मुरैना मुख्यालय पर तिरंगे की शान में मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी तादाद में शानदार विशाल तिरंगा जुलूस निकालकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मुस्लिम समाज के सैकड़ों युवा बुजुर्ग एवं बच्चे जामा मस्जिद पर एकत्रित हुए और वहां सभी हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति के गीतों पर नाचते गाते तिरंगा लहराते हुए पूरे शहर के मुख्य बाजारों से निकले और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए एकता का परिचय दिया। यह तिरंगा रैली शहीद बिस्मिल संग्रहालय पर पहुंची और वहां बिस्मिल की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। मुस्लिम समाज द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा शहर में चर्चा का विषय रही और लोगों ने उनकी देश भक्ति की जमकर तारीफ भी की।

## हम फाउंडेशन संस्कृति की महिलाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**मुरैना।** हम फाउंडेशन संस्कृति भारत मुरैना द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। यह तिरंगा यात्रा नगर पालिक निगम मुरैना एमएस रोड से आरंभ हुई और शहीद बिस्मिल संग्रहालय पर पहुंची, जहां भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे के साथ अमर शहीद श्री बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर हम फाउंडेशन संस्कृति भारत मुरैना की अध्यक्ष ललिता दीक्षित, उपाध्यक्ष क्षमा कौशिक, सचिव जया चतुर्वेदी, सह सचिव जया मित्तल, कोषाध्यक्ष ज्योति कदम, सहकोषाध्यक्ष, अर्चना बघेल, इंद्रा गर्ग, राधा बंसल व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# लॉयन्स क्लब समन्वय ने चम्बल कॉलोनी स्कूल में किया झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित

**मुरैना।** 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय चम्बल कॉलोनी मैं झंडा वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के झंडा वंदन कार्यक्रम में बच्चों के साथ लॉयन्स क्लब समन्वय स्थापित मुरैना की पूरी टीम और विशेष रूप से क्लब की अध्यक्ष श्रीमती राकेश रेखा सिंह और साथ में बबीता जैन, सचिव आर सी किरण गुप्ता, डॉ हेमा सिंघल, डॉ रितु राठी, शिवानी गोयल, सुनीता बांदिल, दीप्ति, रेखा गुप्ता, साधना गुप्ता, निशा गुप्ता, अनीता गुप्ता और स्कूल का सम्माननीय स्टाफ़ तथा स्कूल के प्रिंसिपल श्री तोमर उपस्थित रहे। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब समन्वय मुरैना की ओर से बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया एवं आज़ादी के महत्व से अवगत कराया गया और बच्चों को यह भी बताया गया कि वे भारत माता के असली सपूत है और आने वाले समय में भविष्य में उन्हें ही इस आज़ादी को संभाल के रखना है और भारत देश को पूरी दुनिया में सम्मान दिलाने के लिए भरपूर मेहनत और प्रयास करना है। 15 अगस्त के विशेष अवसर पर लॉयन्स क्लब समन्वय मुरैना की अध्यक्ष श्रीमती रेखा राकेश सिंह और उनकी पूरी टीम ने मोहल्ले में जाकर ज़रूरतमंद परिवारों में अन्न वितरण भी किया और आपसी सदभाव का संदेश दिया। लॉयन्स क्लब समन्वय की अध्यक्ष श्रीमती रेखा राकेश सिंह एवं उनकी पूरी टीम ने पहल परिवार द्वारा किए गए तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुई और तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाया।



## झुण्डपुरा में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**झुण्डपुरा।** झुण्डपुरा सहित सम्पूर्ण अंचल मे स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगरपालिका परिषद कार्यालय पर मुख्य कार्यक्रम हुआ जिसमें नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्र ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान का गायन कर संदेश का बाचन किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा ध्वजारोहण किया गया व सास्कृतिक कार्यक्रम हुए। उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के विषय में विस्तार से बताया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, समस्त पार्षद, रामदीन जौहरी, विजय सिंह सिकरवार, रामवरन शर्मा, सतोष प्रजापति, रामेश्वर जाटव, नागेंद्र मौर्य, हेमंत शर्मा, अंकित बंसल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दिलीप शर्मा, अशोक गौड, कमलेश शर्मा, कल्याण सिंह, भानुप्रताप, अंतिम शर्मा, लवकुश शर्मा, सतेन्द्र सिंह, मनोज वर्मा, रामदीन वर्मा, राजपाल रावत, मातादीन, भंवर व्यास, गिर्राज मांझी, अशोक शर्मा, विनोद जगा, अनुरुद्ध सिंह, अमरसिंह, जीतेन्द्र रावत, प्रताप रावत, रिंकू रावत सहित शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। झुण्डपुरा सहयोगी मित्र भोला सोनी, अंकित सोनी, कुमार आशीष, लक्की ठाकुर, आदित्य सिकरवार, किट्टू सिकरवार, विक्की सविता, नविहुसेन खान, अतुल शर्मा, गोली सिकरवार, सुकली खान, सौरव व्यास, गोलू शर्मा, करू सिकरवार मौजूद रहे।



# महापौर श्रीमती सोलंकी ने नगर निगम कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**मुरैना।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर नव-निर्वाचित महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी ने नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय महापर्व के अवसर पर नगर पालिक निगम मुरैना से महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने नगर निगम कार्यलय पहुंचकर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को नमन किया एवं महापौर कार्यलय पर झंडा वंदन कर समस्त जन समुदाय एवं नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाये प्रेषित की। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर संजीव जैन, राजेंद्र प्रसाद सोलंकी, रविन्द्र मावई, नगर निगम सभापति राधारमन डंडोतीया, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, सौरव सोलंकी, भगवान सिंह तोमर, सत्यपाल सिंह कुशवाह, बंटी गुर्जर, विनोद कुमार जोनवार, मनोज गुर्जा, पार्षद गण अधिकारी कर्मचारी के अलावा मोर्चा संगठनों के जिलाअध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, एन.एस. यू.आई, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षद, पूर्व पार्षद, वॉर्ड प्रभारी, प्रकोष्ठों व विभागों के अध्यक्ष गण, आई टी सेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने नगर निगम के गाड्डी अड्डा एवं देवरी गौशाला पर ध्वजारोहण किया।



## ज्ञान गंगा क्लब ने तिरंगा फहराकर आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुरैना।** आजादी के 75 वर्ष पुरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से माथुर वैश्य इंटरनेशनल ज्ञान गंगा क्लब मुरैना द्वारा नीतू दीपक गुप्ता के निवास पर मनाया गया। स्वन्त्रता दिवस पर क्लब की अध्यक्षा नीतू दीपक गुप्ता ने झंडा वंदन किया। उपस्थित महिलाओं ने तिरंगा को सैल्यूट किया व राष्ट्रगान गाया। सभी सदस्यों ने तिरंगा हाथ में लेकर व तिरंगे की ड्रेस मैं राष्ट्रीय गीत आई लव माइ इंडिया व देश रंगीला गीत पर सभी ने मिलकर नृत्य किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा किए और क्लब की ओर से बच्चो को गिफ्ट दिए गए। तत्पश्चात इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा नीतू दीपक गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष 15 अगस्त के दिन पर्व मनाएंगे, साथ ही वृक्षारोपण की शुरुआत की व सभी बहनों ने जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया। सभी को स्वल्पाहार भी कराया।



# अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 14 वें दिन भूख हड़ताल जारी, कलेक्टर से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कैलारस।** नगर में नेरोगैज से ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग और आसपास की बस्तियों की हजारों आबादी के लिए अंडर ब्रिज (सब वे) बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 14 वे दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में देसी जाटव, समीर खान, विजय सिंह, पप्पू जाटव, लाला कुशवाह, जगदीश जाटव, अशोक जाटव, रामदयाल जाटव आदि प्रमुख रहे। कैलारस नगर के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर मुरैना से भी मुलाकात की और उन्हें अंडर ब्रिज बनाने की मांग से संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी, ओमप्रकाश श्रीवास, सुमेर शाक्य, विनोद शाक्य, गब्बर सिंह गोहिल, नरहरी शर्मा, बुद्धाराम शाक्य, रतिराम जाटव, सत्तार खां मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने मुरैना नगर की महापौर से भी मुलाकात की और उन्हें समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने भी कार्यवाई का आश्वासन दिया है।




# रोटरी क्लब चम्बल ने अमृत महोत्सव पर किया अभ्युदय आश्रम में झंडावंदन

**मुरैना।** रोटरी क्लब चम्बल द्वारा 75वॉ आजादी का पर्व अमृत महोत्सव बडे धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया। रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष रामकुमार बंसल द्वारा अभ्युदय आश्रम में झण्डा वंदन कर स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुरुआत की। रोटरी क्लब चम्बल टीम ने अभ्युदय आश्रम में पहुँचकर वहां की संचालिका श्रीमती अरुणा छारी के नेतृत्व में वहां आश्रम में उपस्थित छात्राओं के साथ झंडा वंदन कर उनका उत्साह बर्धन किया। रोटरी क्लब चम्बल द्वारा सभी सामाजिक संगठनो की निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत, गुलाब की फूल पत्तियों एवं शीतल पेय पदार्थ द्वारा किया। क्लब के सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए पूरे जोश उमंग उत्साह और राष्ट्रगीतों पर झूमते गाते हुए देशभक्ति में रमते हुए राष्ट्रीय पर्व को पूरे जश्न के साथ मनाया। क्लब के सभी सदस्य सफेद कलर के परिधान एवं साफा में तिरंगा झंडा हाथों में लेकर एकरूपता और एकता के सूत्र में बंधे हुए नजर आये । क्लब के सदस्यों ने राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा यात्रा में आनंदित होकर चलते हुए राष्ट्र भावना का परिचय दिया और सभी सामाजिक संगठनो के लिए मिशाल पेश की। इस अवसर पर रोटरी क्लब चम्बल से क्लब जीएसआर सीताराम गर्ग, क्लब अध्यक्ष राम कुमार बंसल, गौरव मित्तल, अमरीश शर्मा, उमेश गुप्ता, कुशल वर्मा, अंकित माहेश्वरी, रोहित बंसल, राहुल जैन, संजय बंसल, सोनू मंगल, गिर्राज गुप्ता, जलज पाठक, दिवाकर मंगल, निक्की बंसल, प्रियम मित्तल, लवी गुप्ता, लकी चतुर्वेदी, पंकज गोयल, नीरज बादिल, मनीष कंसाना, अनिल शिवहरे, पवन अग्रवाल, लक्ष्मण नायर, तेजेंद्र खेड़ा, कौशल सिंघल, आयुष गोयल, करतार सिंह राजपूत, जुगल वर्मा, मयंक सेठी, अखिल गोयल, प्रिंस गोयल, लकी बंसल, प्रदीप बंसल, विजय श्रीवास्तव, गोविंद गर्ग, शैंकी गर्ग, राहुल गर्ग, सीताराम गर्ग, आशीष दंडोतिया, कमल दुबे, रिंकू जैन, विष्णु बंसल, अभय परमार, निखिल बंसल, गोविंद चांदिल, चेतन कपूर, मयंक श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, बृजमोहन गुप्ता, संजय दावानी, योगेश शिवहरे, डॉ अजय दंडोतिया, अभिषेक गोयल, रवि बंसल, आकाश चांदिल, गौरव गोयल,आर डी मंगल, विनय अग्रवाल, नवल सागर, हिमांशु सिंह जादौन आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# लहार कॉंग्रेस कमेटी की तिरंगा सम्मान यात्रा सम्पन्न

### हम सब को भाजपा रूपी अंग्रेजों के एजेंटो को भगा कर भ्रष्टाचार खत्म करना है- अमित प्रताप सिंह

### कॉंग्रेस को विजय प्रदान कर भाजपा के भ्रष्टाचार को खत्म करें जनता-अनिरुद्ध प्रताप सिंह

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** मध्यप्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल नाथ के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को लहार कॉंग्रेस कमेटी के द्वारा 25 की.मी. की तिरंगा सम्मान यात्रा की शुरुआत की गई थी।जिसका समापन रविवार को कॉंग्रेस के बैनर तले दबोह के झंडा चौक पर किया गया जहां यह यात्रा एक जन सभा मे परिवर्तित हो गयी कार्यक्रम का मंच संचालन दबोह नप उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने की एवं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के महामंत्री खिजर मोहम्मद कुरेसी व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शहर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा मौजूद रहे।इस समापन समारोह के अवसर पर कांग्रेस के युवा नेता मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ इफको के





डायरेक्टर अमित प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सबको अपने हाथों में तिरंगा लेकर सड़को पर क्यो उतरना पड़ा यह एक प्रश्न है उन्होंने कहाँ कि भाजपा ने भगवा झंडे के साथ सत्ता में आ कर देश को बेचने का कुचक्र चलाया था आज वही लोग तिरंगे को आड़ में लेकर जनता को वास्तविक मुद्दों से भटका कर देश को बेचना चाहते है।यही कारण है कि आज आप और हमे तिरंगे को अपने हाथों में थाम कर सड़को पर उतारना पड़ा है।भाजपा को आज तिरंगे की याद आयी है जबकि कॉंग्रेस तो सदा तिरंगे के साथ चली है।भाजपा के नेता हम सब को कौम की लड़ाई लड़ा कर एक दूसरे से अलग कर फूट डाल कर राज करने में लगे हुए है।यह लोग पूर्ण रूप से आज देश मे अंगेजो के एजेंटो के रूप कार्य कर रहे है इसीलिए आप सभी को 2023-24 में होने बाले विधानसभा लोकसभा के चुनाव में कॉंग्रेस का साथ देकर इन भाजपा रूपी अंग्रेजो के एजेंटो को देश व प्रदेश से भगाकर भ्रष्टाचार को खत्म करना है।इसी के साथ पूर्व युवक कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने कहा कि आज आप सब ने हम सब के साथ आ कर तिरंगे की सम्मान यात्रा को सफल बनाने में हमारा जो सहयोग किया है उसके लिए हम आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ इसी प्रकार आप सभी को भाजपा की जन विरोधी नीतियों को याद रखते हुये आने बाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस विजय प्रदान करनी है जिससे भाजपा के द्वारा फैलाये जा रहे भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सके वैसे तो मोदी कहते है कि मैं भारत को कॉंग्रेस मुक्त कर दूंगा जो उनके लिये कभी भी सम्भव नही है क्योंकि मोदी तो मुक्त करने की कहते है परंतु हमारे नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने अभी हाल ही में नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत के चुनावों में लहार विधानसभा को भाजपा मुक्त कर दिया है और जल्द ही वो चम्बल संभाग को भी भाजपा मुक्त कर देंगे और भाजपा के नेता मुँह ताकते रह जाएंगे वही मध्यप्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के महा सचिव खिजर मोहम्मद कुरेसी, जिला कॉंग्रेसी कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा उर्फ राजू मोलया,लहार जनपद अध्यक्ष मोंटी राजावत,लहार जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव,लहार नप उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान, दबोह नप अध्यक्ष बिमला नरेंद्र दुधारिया,आलमपुर नप अध्यक्ष मेहताब कौरव,कॉंग्रेस प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील,किसान कॉंग्रेस उपाध्यक्ष संजय गुर्जर आदि लोगो ने सभा सम्बोधित कर आभार व्यक्त किया। इस बीच नगर मे जगह-जगह इस तिरंगा सम्मान यात्रा का पुष्प बर्षा कर स्वागत किया गया।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने निकाली विशाल तिरंगा सम्मान पदयात्रा इंदरगढ़ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इंदरगढ़ के संयोजन में तिरंगा सम्मान

**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**

**इंदरगढ़।** पदयात्रा जोर शोर से निकाली गई यह पूरी पदयात्रा लगभग 13 किलोमीटर की पदयात्रा थी जो की ग्राम सिवनी के हनुमान मंदिर से ग्राम जोनिया श्री राम मंदिर तक निरंतर जारी रही यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता हाथों में झंडा लेकर गाजे और बाजे के साथ जोर-जोर से महंगाई के खिलाफ नारे लगा रहे थे एवं शहीदों के सम्मान में एवं देशभक्ति के भी नारे लगा रहे थे इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सेवड़ा विधायक घनश्याम सिंह जी मौजूद रहे विशेष रुप से मध्य प्रदेश कांग्रेश के प्रदेश महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव भानु ठाकुर भी उपस्थित थे कार्यक्रम के संयोजक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीके जाटव



रहे इस पदयात्रा में अनार सिंह यादव पार्षद मीरेंद्र जाट सुरेंद्र सिंह जाट सोनू यादव शैलेंद्र धाकड़ कमल जाटव छोटे पठान मनीष कुशवाहा पार्षद रामू गुर्जर रामेश्वर चौबे राजू वीदुआ केपी यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल रहे

## श्री सीरवी समाज महासभा तामिलनाडु प्रांत के नवीन कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**पुष्पाजंली टुडे**

**चेन्नई--** सीरवी समाज महासभा तामिलनाडु राज्य का प्रांतीय चुनाव आमसभा व कार्यकारिणी का गठन दिनांक 14 अगस्त 2022, को सीरवी समाज तामिलनाडु टिपलीकैन वडेर भवन परिसर सम्पन्न हुआ । जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में महासभा के सदस्यों व 35 वडेरो के अध्यक्ष व सचिव ओर सभी वडेरो से चूने गये प्रतिनिधी कि उपस्थित में चुनाव सम्पन्न हुआ अध्यक्ष बगताराम सोलंकी (आर.बी.चौधरी) सचिव विरेन्द्र पंवार,कोषाध्यक्ष वींजाराम परिहारीया,उपाध्यक्ष कालुराम पंवार एवम टिपलीकैन से उपाध्यक्ष नारायणलाल चोयल तन्टियारपेट से उपाध्यक्ष घिसाराम मूलेवा मड़ीपाकम से उपाध्यक्ष दुदाराम लचेटा पुन्दमली से सहसचिव रूपाराम ,काग साहुकार पेट से सहसचिव तेजाराम सेपटा रामापुरम से सहसचिव नारायणलाल पंवार मड़ीपाकम से सहसचिव नारायणलाल



हाम्बड़ मनली से चुने गये।सभी समाज बन्धुओ ने मनोनीत सदस्यों को बहुत बहुत बधाई एंव शुभकामनाएं दी।सीरवी महासभा तामिलनाडु राज्य के लिए चुने गए सभी पदाधिकारियों का माला साफा से स्वागत किया गया ।उपस्थित समाज बन्धुओ ने पदाधिकारीयों प्रति आशा जताई कि आप समाज कल्याण एंव हितेषी कार्य करेंगे। समाज मे शिक्षा संस्कार व संगठन को मजबूती प्रदान करने आप जरूर कर्तव्य से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर हॉकी नेशनल खिलाड़ी राधिका शिवहरे का हुआ सम्मान

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**छत्रपति शाहूजी महाराज हॉकी क्लब की खिलाड़ी राधिका शिवहरे का



स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन जिला कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह जी द्वारा किया सम्मान! राधिका शिवहरे द्वारा वर्ष 2021 में राष्ट्रीय हॉकी जूनियर प्रतियोगिता मैं चयन हुआ! जो कि सिमडेगा झारखंड में आयोजित हुई ! राधिका शिवहरे ने अपने जिले का नाम रोशन किया !इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष एडवोकेट साहब सिंह कुशवाह जी , सचिव वकार रोहिल्ला जी , खेल युवा कल्याण संभागीय खेल अधिकारी डॉ. के. के खरे, संजीव पांडे ,वकार अहमद , उबेर आदिल ,नीलेश शर्मा , छत्रपति शाहूजी महाराज हॉकी क्लब उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शिवहरे ,सचिव राहुल नरवरिया आदि खेल प्रेमियों ने बधाइयां दी!

## 'कहाँ आज़ाद है हम'

बड़े ही उत्साह, उमंग और जोश भरकर जश्न तो मना लिया पूरे देश ने आज़ादी का, पर क्या किसीने सोचा है कि रत्तीभर भी हम आज़ाद नहीं हुए। महज़ अंग्रेजों के साशन से ही हमें आज़ादी मिली है, और कितनी सारी संकुचित मानसिकता, कुरिवाज, परंपराएं, जातिवाद, धर्मांधता और गंदी सोच की जंजीरों में जकड़ा हुआ है समाज। क्या कभी इनसे आज़ाद हो जाएँगे हम?

हम खुद को कितने भी पढ़े-लिखें, आधुनिक और इक्कीसवीं सदी के मार्डन समझे, इस देश में कुछ लोगों की मानसिकता बदलना नामुमकिन है। जब समाज में दरिंदों के हाथों महिलाओं पर अत्याचार और बलात्कार होते है, तथाकथित बाबाओं और मौलवीओं के द्वारा धर्म का पतन होता है, जातिवाद पर शोषण होता है, छोटी-छोटी बातों पर विद्रोह की मशाल लेकर दंगे, फ़साद होते है, बाल विवाह आज भी होते है, कोठे पर दलालों के हाथों लड़कियाँ आज भी बिकती है। भाईचारा, अपनापन और अमन को भारत



की भूमि तरस रही है, ÷ऐसे में कैसे मान लें कि हम आज़ाद हो चुके है÷

एक तरफ़ देश आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और एक तरफ देश में जातिवाद, अत्याचार, जुल्म का दौर जारी है। देश को आजाद हुए 75 वर्ष बीत गए लेकिन अनुसूचित जाति समाज के लोगों के साथ आज भी जातिवाद और भेदभाव के चलते अत्याचार जारी है। जिसका उदाहरण हाल ही में घटी घटना है।

सुराणा जालौर जिले के निवासी देवाराम मेघवाल का बच्चा प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहा था। स्कूल में प्यास लगी तो बच्चे ने मटके से पानी पी लिया, बस बच्चे का यही अपराध था। जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त एक अध्यापक शैलू सिंह ने गुस्सा होते हुए बच्चे को बेरहमी से पीटा जिस कारण आज उस मासूम बच्चे की मृत्यु हो गई। एक अध्यापक की मानसिकता ही इतनी निम्न, गिरी हुई और कुंठा होगी वो बच्चों को क्या शिक्षा देंगे? बच्चे की हालत देख खून खौल उठा कि, कब हमारा समाज इंसान को जाता-पात से उपर उठकर इंसान समझेगा? कब तक उच्च-नीच और असमानता की विचारधारा से उपर उठेगा? इन सारी कुरीतियों से कब आज़ाद होगा।आजादी के इस सफर में देश के इतिहास में कई ऐसे पड़ाव आए जोकि हर देशवासी के लिए गर्व और स्वाभिमान के प्रतीक बन गए। भौतिक तरक्की तो बहुत की हमने, पर मानसिक रुप से अठारहवीं सदी में ही रह गए। आजादी के बाद 'भारत' ने 75 सारों का सफ़र पूरा कर लिया है। आज जब हम 75वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे है; तब शिद्दत के साथ इस सफ़र की समीक्षा करने की आवश्यता है। आज भी कुछ ऐसी कुरीतियां हमारे समाज में विद्यमान है जिनको देख मन ही मन हर वक्त यह सवाल उठता है कि आखिर कुरीतियों से आजादी कब मिलेगी? कब सोच बदलेगी? ज़रूरत है एक ऐसी शुरुआत की जो मानसिक स्वतंत्रता भी दे ताकि महिलाएं, बच्चे, दलित, गरीब, आदिवासी खुद को सुरक्षित और आज़ाद महसूस कर सकें। जिस दिन इन सारे मुद्दों से समाज को निज़ात मिलेगा उस दिन असल में हम आज़ाद कहलाएंगे।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

## आजादी का 75 वां स्वतंत्रता समारोह



### पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर ने तिरंगा फहराकर दी सलामी नपाध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष ने भी किया ध्वजारोहण

**सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़** जिले में सोमवार को आजादी का 75 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। साथ ही उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री एवं टीकमगढ़ सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। तिरंगा फहराने के बाद कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और अंत में पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का



समापन किया गया। वही मौके पर शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी सम्मानित किया गया।

**नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने फहराया तिरंगा :** पंचायत और नगरीय चुनाव में चुने गए नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने जनपद और नगर नगर परिषदो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नगर पालिका टीकमगढ़ में अब्दुल गफ्फार ने तिरंगा झंडा फहराया। जिला पंचायत कार्यालय में उमिता राहुल सिंह और जनपद पंचायत में कल्याणी गिरी गोस्वामी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह नगर परिषद बल्देवगढ़ में शालिनी मिश्रा और जनपद में उज्जवला सिंह ने तिरंगा झंडा फहराया।

**भाजपा कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री:** भाजपा कार्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं टीकमगढ़ सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नूना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने शहर के कई स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर लोगों को मिठाईयां बांटी।

**शांति के प्रतीक कबूतर छोड़ें:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर के साथ अधिकारियों ने जहां तिरंगा रंग के गुब्बारे छोड़कर शांति का संदेश दिया। वही नगर पालिका कार्यालय में नवनियुक्त अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह ने शांति का संदेश देते हुए कबूतर छोड़े।

## भारतीय जनता पार्टी जिला परिवार पाली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प हार से की वर्षा।



**नरेश कुमार सिरवीपुष्पांजली टुडे**

**पाली।** शहर के लाखोटिया उधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की तथा अटल जी अमर रहे के नारे भी लगाए ।विधायक ज्ञानचंद पारख सभापति रेखा राकेश भाटी पुर्व सभापति व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र बोहरा उपसभापति लालू भाई प्रीत मानी जिला कोषाध्यक्ष राम किशोर साबू जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी निखिल व्यास मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा नरपत दवे पार्षद अशोक शर्मा विठ्ठल बागड़ी रमेशभाई अशोक बंजारा बहादुर सिंह राठौड़ रितेश छाजेड अशोक बाफना डा दिलीप सिंह रामलाल चौहान सोनाराम चौधरी अरविंद गोस्वामी सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे मौजूद रहे

# जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

## जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने किया ध्वजारोहण

## मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन







**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**


**भिण्ड।** 15 अगस्त आजादी का अमृत महोत्सव 75वां स्वतंत्रता दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कुमार एस ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के साथ परेड का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शांति के प्रतीक गुब्बारे हवा में छोड़े। इसके बाद परेड की टुकडियों ने हर्ष फायर कर स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए। परेड का नेतृत्व कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी गुर्जर ने किया। द्वितीय कमान टूआईसी सूबेदार आदित्य मिश्रा ने संभाली। मुख्य अतिथि द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों व पुलिस विभाग के अफसरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने समारोह में एसएएफ, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड, एनसीसी सीनियर (गर्ल्स), एनसीसी सीनियर (बॉयज), एनसीसी जूनियर, स्काउट प्लाटून, बैण्ड (सेंट माइकल स्कूल) को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में 17वीं वाहिनी एसएएफ को प्रथम, जिला पुलिस बल (महिला) को द्वितीय और जिला पुलिस बल (पुरुष) को तृतीय पुरुष्कार के रूप में शील्ड प्रदान की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अशा. सेंट माईकल स्कूल मलखम्भ को प्रथम, शा. महारानी लक्ष्मीबाई उमावि भिण्ड को द्वितीय एवं अशा. मां मंशादेवी उमावि जवासा को तृतीय पुरुष्कार मिला। उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारी/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, समाजसेवी, खिलाडियों को मुख्य अतिथि ने प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्रीमती कामना सिंह भदौरिया एवं उपाध्यक्ष नंदराम बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा वाल्मीक एवं उपाध्यक्ष भानूसिंह, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांता तोमर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, नगरीय निकाय एवं पंचायतों के पदाधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्यजन उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के अलावा जिले के अनुभाग, तहसील, जनपद, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## दबोह नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया ने संभाला चार्ज



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** दबोह नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री मति विमला नरेंद्र दुधारिया ने 15 अगस्त को नगर परिषद पहुँचकर अध्यक्ष पद का पदभार सम्भाल लिया है।उन्होंने 14 अगस्त की शाम नगर परिषद पहुँच कर बिधिबत रुप से अध्यक्ष की सीट पर बैठ कर सातवें अध्यक्ष के रूप में अपने हस्ताक्षर कर पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर नगर परिषद अधिकारी बाबू लाल कुशवाह,नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम सिंह,पार्षद दिनेश कौरव,पूर्व पार्षद शेरे पठान,मुख्य लेखापाल एन आर खेंगर,अरुण तिबारी,नारायण सिंह, रिजवान खान के साथ पत्रकार मौजूद रहे।

## गुरुकुल अकादमी में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ







**राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**गुरुकुल अकादमी में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति राष्ट्रीय भक्ति गीतों की प्रस्तुति की इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 वा स्वतंत्र दिवस बड़े धूमधाम उत्साह से मनाया गुरुकुल अकादमी छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में अलग-अलग प्रस्तुतियां दी और अपनी कला का प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गीत संगीत राष्ट्रीय गीत के लिए कर देश भक्ति गीत का भी गायन किया कार्यक्रम को सुंदर सुंदर गीतों और छात्र-छात्राओं द्वारा कलाकृति दिखाई गई जिसमें गुरुकुल अकादमी को सुंदर बनाया गया

## राष्ट्र को मिली स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 15 अगस्त 2022 को पर्ल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

इस अवसर पर जहां एक ओर हर घर तिरंगा अभियान में प्रत्येक विद्यार्थी तथा उसके परिवार को जागरूक करने का प्रयास किया गया वही इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल कि प्रवीण्य सूची में 9 वा एवं 10 वा स्थान बनाने वाली पर्ल पब्लिक स्कूल की छात्राओं काव्या जैन कक्षा बारहवीं( 97.40त्न) तथा शिवांशी सोनी कक्षा दसवीं (96.60त्न) के साथ-साथ कक्षा नवमी से बारहवीं तक विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भी विद्यालय परिवार सम्मानित करने जा रहा है। इस बार कक्षा 12वीं में जहां 4 विद्यार्थियों ने 90त्न अंक से अधिक प्राप्त किए वही कक्षा दसवीं के 6 विद्यार्थियों ने भी 90त्न अंको से अधिक लेकर विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम को बनाए रखा द्य

मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल कि प्रवीण्य सूची में कक्षा 12वीं की छात्रा काव्या जैन ने 97.40त्न अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है जिसके लिए विद्यालय परिवार उसे ? 21000/द्ब की राशि का चेक प्रदान कर उसे सम्मानित करने जा रहा है।

शिवांशी सोनी जिसने की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 96.60त्न अंक प्राप्त करके विद्यालय के मान को पूरे जिले में ही नहीं वरन पूरे प्रदेश में बनाया है, उसे भी विद्यालय छात्रवृत्ति स्वरूप सत्र 2022 23 का विद्यालय का पूर्ण शुल्क पारितोषिक के रूप







में देकर सम्मानित करने जा रहा है। इसके साथ ही जिन शिक्षकों के अथक परिश्रम और प्रयास से विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम ऊंचाइयों तक पहुंचाया है उन शिक्षकों को भी इस अवसर पर पारितोषिक वितरण कर उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रहा है।

सागर जिले एवं संभाग के जाने-माने शिक्षाविद एवं पूर्व संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग श्री आर एन शुक्ला जी एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजब सिंह ठाकुर जी के कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति की स्वीकृति के पश्चात उन्हीं के कर कमलों द्वारा उपरोक्त विद्यार्थियों का सम्मान किया जा रहा है ।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे जिन्हें विद्यालय के ही शिक्षक शिक्षिकाओं ने तैयार कराया है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुलभा देउसकर को इस वर्ष दैनिक भास्कर की ओर से भी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रबंधन एवं कार्य के लिए मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री माननीय भूपेंद्र सिंह जी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है।

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

## मेहगांव नवनिर्वाचित मुरैना से जिला पंचायत अध्यक्ष आरती आकाश सिंह गुर्जर पुत्र वधू भागीरथ सिंह गुर्जर भैया मेहगांव प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**बृजपाल सीटू सिंह गुर्जर दैनिक पुष्पांजली टुडे**




मेहगांव नवनिर्वाचित मुरैना से जिला पंचायत अध्यक्ष आरती आकाश सिंह गुर्जर अपने ग्रह गांव मेहगांव आगमन हुआ टेंट पंडाल लगाकर भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने किया गर्मजोशी से भव्य स्वागत मेहगांव की जनता में काफी उत्साह देखने को मिला भागीरथ सिंह गुर्जर भैया ने अपने पुत्र वधू के प्रथम आगमन पर सर्वप्रथम सिद्ध स्थान नाथू बाबा पर आरती आकाश सिंह गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष ने नाथू बाबा स्थान पर वृक्षारोपण किया और अपने सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात



नगर मैं रेली निकालकर सभी आमजन एवं बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया बहू और बेटे के प्रथम आगमन पर वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अशोक भरद्वाज ने किया बहू और बेटे का भव्य स्वागत उनके साथ में उपस्थित रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह किरार भिंड मेहगांव विधानसभा से विधायक राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया जी के प्रिय भतीजे डॉक्टर भारत सिंह रिंकू भदौरिया मेहगांव मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया ददरौआ मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर राघवेंद्र सिंह गुर्जर कनाथर कल्याण सिंह गुर्जर ददरौआ गिर्राज कटारे भोलू गुर्जर शिवराज सिंह गुर्जर राजा गुर्जर गोविंद गुर्जर बंटा गुर्जर सेलू गुर्जर जितेंद्र चौधरी शीशुपाल सिंह गुर्जर उदय सिंह पार्षद गुदाली लंबरदार पार्षद रामाधार चौधरी कमल सिंह गुर्जर अजमेर सिंह गुर्जर जी के यहां पर बहू का हुआ भव्य स्वागत

## माध्यमिक शाला बडवारा में लटकता मिला ताला नदारद रहे शिक्षक

**गौरीशंकर कुशवाहा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पन्ना जिले के शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल देवेंद्रनगर के अंतर्गत माध्यमिक शाला बडवारा में ताला लगा मिला जब लोगो



के द्वारा देखा गया को विद्यालय बंद है तब कही जनशिक्षक पहुंचे और लोगो को बताया कि एक शिक्षिकीय शाला है किंतु वहां वर्तमान में 2 से 3 अतिथि शिक्षक है और साथ में जनशिक्षक के माध्यम से फोन से बताया गया को आदेश में कार्यरत नियमित शिक्षक श्री हेतराम जी निर्वाचन की ड्यूटी में गए थे और अतिथि शिक्षक पूजा सराफ जी प्रभारी थी किंतु स्कूल बंद पाया गया और जनशिक्षक भी वहां मौजूद थे किंतु अब देखना यह है कि जन शिक्षक और साथ ही विकास खंड शिक्षा अधिकारी महोदय पन्ना विकास खंड को दी गई है इस प्रकार के कारनामे यदि संज्ञान में आते है तो उच्च, अधिकारी क्या संज्ञान लेंगे और क्या कार्यवाही होगी या फिर छोटे छोटे नौनिहालों को इसी तरह बंद स्कूल का मुंह देखना मुनासिब होगा।

## 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडैंरा मौं में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक**

**मौं** - भिंड। 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडैंरा में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिस में झंडा फहराया गया जिसमे मुख्य अतिथि नवनियुक्त संरपच बीर प्रताप



सिंह चोहान रहे अध्यक्षता भाजपा मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की बिशिट अतिथि पूर्व सरपंच रामनरेश कुशबाह मान सिंह चोहान बिधालय के प्रंन्शीपल अशोक शर्मा जी रहे और बच्चों ने राष्ट्रीय गान गाया और कई खेल किए और जिस में नवनिर्वाचित हमारे माननीय धर्मेंद्र सिंह राणा जी सरपंच जी ने झंडे का अभिवादन किया एवं समस्त शिक्षक स्टॉप ने अभिवादन किया इस अफसर फर उपस्थिति गुप्ता जाटव पूर्व सरपच भगबान सिंह कुशबाह शतीष कुशबाह पूरन गोयल रुपाबई कल्ली चोहान टुन्डे शर्मा विनोद चोहान पर्वत श्रींबास दीपक शर्मा शलीम खांन सनूप चौहान शीतल परिहार दिनेश प्रजापति मुकेश चौहान एवं समस्त ग्रामवासी वहां पर मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी विशेष- जहाँ श्री कृष्ण हैं, वहीं अचल नीति है

**श्री आशुतोष महाराज जी**


**(संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)**

**पुष्पांजली टुडे**

श्री कृष्ण क्या थे? कौन थे? किस उपमा से अभिवंदित करें हम उन्हें? वृंदावन की निकुंज गलियों के छबीले गोपालक! मनहरण सुर-लहरियाँ छेड़ने वाले बंसी-बजैय्या! अधर्मी कंस, शिशुपाल आदि के प्राणहर्त्ता यदुवीर! युगांतरकारी महाभारत युद्ध के एकल नियंता! कुटिलता के विरुद्ध चतुर दाँव-पेंच खेलने वाले कुशल राजनीतिज्ञ! एक क्रांति-विधायक युगपुरुष! तत्त्व-ज्ञान की परम-निर्झरणी गीता के अपूर्व स्रोत! क्या कहें हम उन्हें? यदि उत्तरस्वरूप इनमें से किसी एक गुण को चुनते हैं, तो इस अलौकिक पुरुष के महनीय तथा उदात्त व्यक्तित्व के प्रति घोर अन्याय होता है। कारण कि इनका व्यक्तित्व ऐसा संगम था, जहाँ ये समस्त गुण-धाराएँ आ मिली थीं। बंकिम के अनुसार श्री कृष्ण में हम ज्ञानार्जनी, कार्यकारिणी और लोकरंजनी- तीनों प्रकार की प्रवृत्तियों का एक साथ अवलोकन कर सकते हैं। उनमें प्रेम की रस माधुरी भी थी और वैराग्य की दीप्त ज्वाला भी। कहीं उन्होंने भक्ति की भावभीनी सुरभि बिखेरी, कहीं सनातन धर्म की महामहिम गरिमा प्रतिष्ठित की। कहीं भावरस के सरोवर में क्रीड़ाएँ कीं, कहीं हिंसा के ठेठ दावानल में मुस्कुराते हुए उतर गए। ऐसा सर्वरंगी था उनका लीलामयी जीवन और हर रंग में था उनकी सम्पूर्णता का दर्शन! अतैव इस महाविभूति का महिमागान करते हुए महर्षि व्यास सारांशतः कह उठे- 'कृष्णस्तु भगवान स्वयम्?'- श्री कृष्ण पूर्ण भगवान हैं। 16 कलाओं से युक्त सर्वांशिक अवतार हैं। परात्पर सच्चिदानंद स्वरूप ब्रह्म का साक्षात? प्रतिबिम्ब हैं। किन्तु विडम्बनीय तथ्य यह है कि आर्यावर्त्त, जो इस पूर्णावतार की लीला-स्थली रही, उसी की कुछ विद्वत संतानें इसे मुक्त हृदय से स्वीकार नहीं कर पाईं। उनके अनुसार श्री कृष्ण भगवान नहीं, एक विवादास्पद इतिहास-पुरुष थे। यही नहीं उनके अनुसार, कृष्ण एक कुटिल राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने महाभारत सदृश रक्तिम युद्ध को अवरुद्ध करने की अपेक्षा संचालित किया। संचालित भी कैसे? कुचालें चलकर! अनैतिक व अवैध रूप से! आइए इसी प्रज्ञा-दीप के प्रकाश में हम श्री कृष्ण की कुछ विवादास्पद लीलाओं का निरीक्षण करें।

**श्री कृष्ण ने युद्ध अवरुद्ध क्यों नहीं किया?**

यदि श्री कृष्ण जगदीश्वर थे, तो सर्वसमर्थ भी थे। सर्वशक्तिशाली भी थे। इच्छा मात्र से युगांतरकारी परिवर्तन ला सकते थे। फिर उन्होंने महाभारत का प्रलयकारी, महाविनाशक युद्ध रोधित क्यों नहीं किया? ये संदेहास्पद प्रश्न जन-जन के हृदयों में पैठे हुए हैं। किन्तु ये संशय भी हमारी अल्पज्ञता के ही द्योतक हैं। निःसन्देह वह परम-सामर्थ्यवान है। किन्तु यह उसका उदार नियम है कि वह अपनी रचना, मानव को कर्म-संपादन की पूर्ण स्वतंत्रता देती है। उसके कर्म-क्षेत्र में किंचित भी हस्तक्षेप नहीं करती। हाँ, कर्म को सकारात्मक दिशा देने हेतु उसे प्रेरित



ज़रूर करती है। सो श्री कृष्ण ने पग-पग पर यथाशक?य किया। युद्ध अवरोधन के क्रम में भी उन्होंने अपनी इसी आदर्श परिपाटी का अनुपालन किया। किन्तु जब दुर्योधन अपने कर्म-स्वातंर्त्य का दुरुपयोग करने पर उतारू ही रहा, उसने श्री कृष्ण के सभी शांति-प्रस्तावों को ठुकरा दिया, तब विवश होकर धर्म-संरक्षक भगवान को महाविध्वंसकारी युद्ध का शंखनाद करना पड़ा।

**श्री कृष्ण ने कूटनीति द्वारा शत्रु हनन क्यों करवाया?:** यह इस द्वापर युगीन अवतार के विरुद्ध एक ज्वलंत आक्षेप है। जब श्री कृष्ण धर्म के संरक्षक थे, फिर उन्होंने जरासंध, गुरु द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह आदि योद्धाओं को अधार्मिक व अवैध विधियों से क्यों मरवाया? श्री कृष्ण ने क्यों भीमसेन से इस नियम की उल्लंघना करा उसे दुर्योधन वध करने हेतु दुष्प्रेरित किया? ऐसे ही प्रतिवादी प्रश्न कर्ण ने उठाए थे। घटनाक्रम तब का है, जब समरांगण में उसका रथ दलदल में जा धंसा था। श्री कृष्ण अर्जुन को शर-संधान कर उसका शिरोच्छेदन करने के लिए उत्तेजित कर रहे थे। प्रत्युत्तर में श्री कृष्ण ने जो कहा, वह मार्के का है। श्री कृष्ण के उन वक्तव्यों पर सम्यक? विचार कीजिए। उनसे उनके युद्ध-दर्शन का स्मित? बोध होगा। वह यह कि- 'शठे शाठयं समाचरेत?'- ञ्जह्लद्द ढ्ढश्रह्-ञ्जड्डह्ल - जैसे को तैसा। यही उनकी युद्ध-सम्बन्धी प्रणाली थी। इसे किसी भी कोणानुसार 'कूटनीति' कहना यथोचित न होगा। न ही इसे 'कोरी राजनीति' की संज्ञा देना उपयुक्त है। कारण कि कूटनीति अथवा राजनीति में प्रणालियाँ स्वार्थ-सिद्धि के लिए गठित की जाती हैं। किन्तु श्री कृष्ण की युद्ध पद्धति मात्र लोक-कल्याण पर एकलक्षित थी। उसका मात्र एक हेतु था- 'धर्म-संस्थापना!' 'सत्य-प्रतिष्ठापना!' इस व्यापक धर्म की संस्थापनार्थ जो कोई भी साधन अपनाया जाए, वह परम शुभ्र व सत्यस्वरूप बन जाता है। फिर चाहे स्थूल दृष्टि से वह निरादर्श अधार्मिक हथकंडा ही क्यों न प्रतीत हो! चाहे कितना ही कूट या छल-छद्मपूर्ण जान पड़े! महाभारताकार महर्षि वेद व्यास ने युद्ध के आरंभिक काल में लिखा था- जहाँ सत्य है, धर्म है, लज्जा एवं सरलता है, वहीं पर गोविंद श्री कृष्ण हैं। किन्तु युद्ध के समापन पर आते-आते वे श्री कृष्ण की युद्ध-नीतियों से इतने प्रभावित हुए कि मुक्त कंठ से कह उठे- 'यत्र योगेश्वर- कृष्णो.. तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' अर्थात? जहाँ योगेश्वर श्री कृष्ण हैं, वहीं पर श्री विजय है। वहीं विभूति और अचल नीति है, ऐसा मेरा मत है।

अतः कृष्ण आलोचकों और प्रेमियों, आप सभी पूर्ण गुरु द्वारा दीक्षित होकर कृष्ण तत्त्व का अन्तर्बोध करें। तभी उन युगावतार प्रभु और उनकी लीलाओं में निहित तात्विक रहस्यों को जान पाएँगे। तभी उनके प्रति शाश्वत प्रेम व श्रद्धा प्रस्फुटित होगी। तभी समस्त संशय व अंतर्विरोध शून्य में विलीन होंगे। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ। संस्थान द्वारा दिल्ली स्तिथ डीडीए ग्राउंड, सेक्टर 10, द्वारका में 18 और 19 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जहाँ पर भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं सहित आध्यात्मिक संदेशों को नृत्य-नाटिका, प्रवचनों, भजनों के माध्यम से सभी श्रधालुओं के समक्ष रखा जाएगा। सभी इस दिव्य कार्यक्रम में आमंत्रित है, अधिक जानकारी हेतु आप संस्थान की वेबसाइट पर विजिट कर सकते है-

# हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनी स्वाधीनता की 75वीं वर्षगाँठ





## कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण

### तिरंगामय हुआ ग्वालियर

ग्वालियर। आजादी के अमृत महोत्सव के बीच ग्वालियर जिले में स्वाधीनता की 75वीं वर्षगाँठ हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाई गई। हरीतिमा की चादर ओढ़े खड़ी सुरम्य पहाड़ियों की गोद में स्थित एसएएफ मैदान पर आयोजित हुए जिले के मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

प्रातः ठीक 9 बजे शुरू हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण के पश्चात एक खुले वाहन में सवार होकर संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि के साथ प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे खुले वाहन पर सवार थे। परेड में शामिल जवानों ने तीन बार हर्ष फायर कर ÷स्वतंत्रता दिवस अमर रहे÷ के जयकारे लगाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं कारगिल शहीदों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा मनोहारी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हर घर तिरंगा अभियान की वजह से स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इस बार अलग ही छटा बिखरी। पूरा ग्वालियर शहर तिरंगामय नजर आया। वहीं इस बार के मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में बहुत बड़ी संख्या में शहरवासी जश्न-ए-आजादी में शामिल होने पहुँचे।

मुख्य समारोह में सीमा सुरक्षा बल एवं एस.ए.एफ. द्वितीय वाहिनी के बैण्ड की मधुर धुन के साथ निकली संयुक्त परेड सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। संयुक्त परेड में बी.एस.एफ. टेकनपुर, सीआरपीएफ, द्वितीय वाहिनी एस.ए.एफ., 13वीं व 14वीं वाहिनी एस.ए.एफ., जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर बालक एवं बालिका, एनसीसी जूनियर बालिका एवं नगर सेना की टुकडियां शामिल हुई। संयुक्त परेड के परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री रणजीत सिंह व सहायक परेड कमांडर का दायित्व सूबेदार सुश्री सोनम पाराशर ने निभाया। बीएसएफ बैंड का नेतृत्व एसआई श्री के. डेनियल और द्वितीय वाहिनी एसएएफ के बैंड का नेतृत्व प्रधान आरक्षक श्री रामसेवक विसारिया ने किया। आकर्षक परेड की सलामी लेने के पश्चात मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया और सभी को कुशल नेतृत्व के लिए बधाई दी।

संयुक्त परेड में सीनियर वर्ग में सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर को प्रथम, एसएफ द्वितीय वाहिनी को दूसरे एवं 13वीं बटालियन एसएएफ को तृतीय स्थान की शील्ड से नवाजा गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी सीनियर बालिका को प्रथम, एनसीसी जूलियर बालिका को द्वितीय एवं एनसीसी सीनियर बालक की टुकड़ी को तृतीय स्थान की शील्ड प्रदान की गई। अपने कार्यों को उत्कृष्ट ढंग से अंजाम देने वाले शासकीय सेवकों को भी मुख्य अतिथि द्वारा इस अवसर पर प्रमाण-पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जगाया देशभक्ति का जज्बा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चुनी हुई शिक्षण संस्थाओं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। राष्ट्र भक्ति एवं भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत इन प्रस्तुतियों ने समारोह में खूब समां बांधा। सांस्कृतिक कार्यकमों में सीएम राईज स्कूल शासकीय पद्मा कन्या उ.मा. विद्यालय को प्रथम, सीएम राईज स्कूल शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय किलागेट को दूसरे एवं रेडिएंट स्कूल को तृतीय स्थान की शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में इनके अलावा ईसीएस बैगलेस स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्र.-1 मुरार और सेंट्रल एकेडमी स्कूल के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बड़ी संख्या में मौजूद जिले के नागरिकों ने करतल ध्वनि के साथ स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### बीएसएफ के श्वान दस्ते ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

एसएएफ मैदान पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए गरिमामयी समारोह में मौजूद नागरिकों को सीमा सुरक्षा बल के श्वान दस्ते द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतबों ने सभी को भीतर तक प्रभावित किया। अपराधियों से निपटना हो अथवा फिर तस्करों की पहचान या फिर कठिन बाधाओं के बीच से होकर गुजरना हो। राष्ट्रीय श्वान दस्ते ने सभी बाधाओं को फतह करने का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। साथ ही स्वच्छता अभियान पर केन्द्रित प्रेरणादायी करतबों का प्रदर्शन श्वान दस्ते ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिकों व बच्चों की श्वान दस्ते को खूब वाहवाही मिली।

### मुख्य समारोह में इनकी रही मौजूदगी

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, नगर निगम सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, संभागायुक्त श्री आशीष सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी श्रीनिवास वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले व श्री एच बी शर्मा सहित अन्य अधिकारी, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सुरक्षा बलों के जवान एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## भाजपा के युवा नेता लल्ला तोमर ने मित्र मंडली संग फहराया तिरंगा झंडा







ग्वालियर।

भाजपा के युवा नेता लल्ला तोमर ने उपनगर ग्वालियर के बिरला नगर में मित्र मंडली के साथ झंडा फहराया। इस दौरान भारत माता का पूजन-अर्चन कर हिन्दुस्तान जिंदाबाद, वन्दे मातरम के नारे लगाये गये। वहीं झंडा वंदन के दौरान राष्ट्रीय गान का भी आयोजन किया गया एवं बच्चों में लड्डुओं का वितरण कर स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया। इस दौरान क्षेत्रीय लोग एवं मित्रगण उपस्थित थे।

## निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर।आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के वार्ड 19 ऐबनेजर स्कूल के पास भगत सिंह नगर भिण्ड रोड से अवारा मवेशी हटवाये जाने के संबंध में, वार्ड 60 श्री आरके गुप्ता उपाध्यक्ष कॉस्मों वैली वेलफयेर समिति ने आवारा कुत्तों को पकडने के संबंध में, वार्ड 55 शिवाजी नगर आमखो निवासी श्री शैलेन्द्र सिंह तोमर ने अवैध अतिक्रमण कर बंद रोड को खुलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 4 घाटमपुर नौमहला घासमंडी निवासी श्री मनीष यादव ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हटावाये जाने के संबंध में, वार्ड 22 बारादरी चैराहा रामनगर मुरार निवासी श्री दीप कुमार धानुक ने अवैध अतिक्रमण तोडने के लिये 2 लाख रिश्वत मांगने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित एक दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

## सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने जलविहार परिषद कार्यालय पर किया झंडा वंदन

ग्वालियर। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने जल विहार स्थित निगम परिषद कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहरा कर शहर वासियों एवं निगम कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया। इसके साथ ही 75 वे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जलालपुर स्थित नगर निगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर नगर निगम के सभापति श्री मनोज तोमर ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर ग्वालियर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल भी मौजूद रहे।

## शहर के विकास एवं स्वच्छता के लिए मिलकर एवं कर्मठता के साथ कार्य करें निगम अधिकारी व कर्मचारी : महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिकरवार

### महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिकरवार ने निगम मुख्यालय पर तिरंगा फहराकर शहरवासियों को दीं 75 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



ग्वालियर। महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिकरवार ने 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय पर तिरंगा झंडा फहराकर सभी शहर वासियों एवं निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अपार आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर श्री मुकुल गुप्ता सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर डॉ श्रीमती शोभा सिंह सिकरवार ने इस अवसर पर शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी देशवासियों के लिए आज बहुत ही गौरव का अवसर है इस दिवस को सभी शहरवासी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाएं तथा घर घर पर तिरंगा फहराएं । इसके साथ ही नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिलकर एवं आपस में समन्वय बनाकर ग्वालियर शहर के विकास एवं स्वच्छता के लिए कार्य करें। ग्वालियर शहर को स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर बनाने के लिए स्वच्छता में सहभागिता का संकल्प लें।

इस अवसर पर महापौर डॉक्टर सिकरवार को निगम के फायर अमले द्वारा सलामी दी गई। इसके साथ ही नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

## सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



ग्वालियर। 76वें स्वतंत्रता दिवस पर सीमा सुरक्षा बल अकादमी के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में एक भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री जे एस ऑबराय, वी0एस0एम0, महानिरीक्षक / संयुक्त निदेशक, सीमा सुरक्षा बल, अकादमी टेकनपुर ने अजेय प्रहरी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परेड स्थल पर ध्वजारोहण के उपरांत परेड की सलामी ली।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे पर्व, आजादी का अमृत महोत्सव के इस सुअवसर पर में अकादमी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, प्रहरियों, प्रशिक्षुओं एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।आज का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन है। आप सभी जानते है की भारत को विकास की और अग्रसर होता देखकर हमारे पड़ोसी देश हमारे देश की सुख-शांति को भंग करने का अकसर प्रयास करते रहे है। परिणाम स्वरूप आज हमारे देश को नक्सलवाद, आंतरिक सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तनाव, घुसपैठ जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका अहम एवं महत्वपूर्ण रही है। हमारे सीमा प्रहरियों ने समर्पण की मिसाल कायम कर देश की सीमाओं की रक्षा की है। इसके अलावा बल ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाई है। देश के भीतर पनप रहे नक्सलवाद को नियंत्रित करने एवं देशद्रोहियों को समाप्त करने में हमारा बल हमेशा ही अग्रणी रहा है। अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए हमारे बहुत से वीर प्रहरियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस पावन अवसर पर हम सीमा सुरक्षा बल के उन सभी बहादुर जवानों को नमन कर श्रध्दांजलि अर्पित करते है।

स्वतंत्रता दिवस 2022 के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति महोदय द्वारा सीमा सुरक्षा बल के 70 अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों को विभिन्न पुलिस पदक से अलंकृत किया है। जिसमें से अकादमी सीमा सुरक्षा बल, टेकनपुर तथा अधीनस्थ युनिटों/विंगो के 03 कार्मिकों में से 01 को विशिष्ट सेवाओं के लिए, राष्ट्रपति पुलिस पदक (क्क्ख्स) और 02 को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक (क्क्ल्स) प्रदान किया गया है।

**इन अधिकारियों/ कार्मिकों का संक्षिप्त ब्योरा**

विशिष्ट सेवाओं के लिए, राष्ट्रपति पुलिस पदक (क्क्ख्स)

1. डा. भूपेन्द्र कुमार मेहता, महानिरीक्षक / (मेडी.) / एम.एस, सयुंक्त चिकित्सालय, टेकनपुर (अब आई.टी.बी.पी में स्थानान्तरित हो चुके हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद श्री शेजवलकर ने स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवरों पर किया ध्वजारोहण

**ग्रामीणों से की वर्षा जल सहेजने के लिये अधिक से अधिक जल संरचनाएँ बनाने की अपील**



ग्वालियर। स्वाधीनता दिवस पर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर एवं ककरधा गाँव के अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वर्षा जल सहेजने के लिए गाँव-गाँव में अधिक से अधिक जल संरचनाएँ बनाई जाएँ। इस अवसर पर जिला पंचायत व जनपद पंचायत के सदस्यगण, क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के सरपंच और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता की 75वीं वर्षगाँठ पर ग्वालियर जिले के अमृत सरोवर तिरंगामय नजर आए। स्वतंत्रता दिवस पर अमृत सरोवरों पर ग्रामीणों द्वारा तिरंगा झण्डा लेकर रैलियाँ निकालीं गई। साथ ही आन-बान-शान के साथ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने अपील की कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिये व्यापक स्तर पर जल जागरूकता लाने की जरूरत है। हम सभी सचेत होंगे तभी आगे आने वाले जल संकट से बच पायेंगे।

### निगमायुक्त ने किया स्मार्ट सिटी कार्यालय पर ध्वजारोहण

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आजादी की 75 वी वर्षगांठ के मौके पर मोती महल स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर स्मार्टसिटी कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्मार्टसिटी को तिरँगा थींम पर सजाया गया था। जिसका श्री किशोर कन्याल ने जायजा लिया।

### सभी अधिकारी सुबह 2 घंटे क्षेत्र में भ्रमण कर देखें समस्यायें, गंभीरता से करें उनका निराकरणः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निराकरण व अन्य समस्याओं के लिये सभी संबंधित अधिकारी सुबह 8 से 10 बजे तक क्षेत्र भ्रमण करें तथा जहां भी समस्या पाई जाती है उसका तत्काल निराकरण करायें। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल, उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान पाया कि पिछले माह की कुल 1562 शिकायतें अभी तक लंबित हैं। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों से बारी बारी से चर्चा करते हुए शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि सीवर, पेयजल, लाइट की समस्यायें पिछले दो माह से बहुत हैं। बरसात के मौसम कें सबसे ज्यादा सीवर, पेयजल व लाइट की समस्यायें आती हैं। इनका निराकरण शीघ्र करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478